






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 334

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 20 सितंबर, 2024


## पीएम मोदी बोले, जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएंगे, फर्स्ट फेज की वोटिंग में इतिहास रचा, 25 सितंबर को सारे रिकॉर्ड टूटने चाहिए

# दुनिया की कोई ताकत 370 वापस नहीं ला सकती: पीएम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर में एक चुनावी रैली में कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बंपर वोटिंग ने पत्थरबाजी और दहशतगर्दी की हमदर्द पार्टियों को खारिज कर दिया है। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि यहां की अवाम को मोदी की सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। उन्होंने श्रीनगर रैली में मौजूद जनता-जनार्दन का तहेदिल से शुक्रिया भी अदा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में कहा, हमने देश की संसद में कहा है कि जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा दिलाएंगे। भाजपा ही इसे पूरा करेगी। इसलिए मेरी आपसे अपील है कि 25 सितंबर को वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटने चाहिए। इसके पहले उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को लेकर कहा, इन तीन खानदानों ने अपनी सियासी दुकान चलाने के लिए दशकों तक घाटी में नफरत का सामान बेचा है। इनके कारण ही यहां के युवा तरक्की नहीं कर पाए। पिछले 6 दिन में राज्य में पीएम मोदी का यह दूसरा कश्मीर दौरा है। इससे पहले वे 14 सितंबर को डोडा पहुंचे थे। वे यहां पार्टी कैंडिडेट्स से भी मिलेंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे वे कटरा जाएंगे, जहां एक और जनसभा होगी।




### पहले चरण की वोटिंग में रिकॉर्ड 61.13 प्रतिशत टर्नआउट

18 सितंबर को पहले फेज में 7 जिलों की 4 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। इस दौरान 61.13 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के मुताबिक किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 80.14 प्रतिशत और पुलवामा में सबसे कम 46.65 प्रतिशत वोटिंग हुई। दूसरे नंबर पर डोडा 71.34 प्रतिशत, तीसरे नंबर पर रामबन 70.55 प्रतिशत रहा। पहले फेज की वोटिंग को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 35 हजार से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने भी वोट डाले। उनके लिए कुल 24 स्पेशल बूथ बनाए गए थे। दिल्ली 4, जम्मू 19 और उधमपुर में 1 बूथ था।

### राज्य के लिए केंद्र सरकार की कोशिशों पर

कश्मीरियत को सींचने में, उसे आगे बढ़ाने में कश्मीरी पंडितों की भूमिका रही है, लेकिन तीन खानदानों की खुदगर्ज सियासत ने कश्मीरी हिंदुओं को बेघर कर दिया। सिख परिवारों पर जुल्म हुए। ये तीन खानदान, उनके लोग हर जुर्म के भागीदार बने रहे। इन्होंने सिर्फ बंटवारा किया, भाजपा सबको जोड़ रही है। हम दिल और दिल्ली की दूरी मिटा रहे हैं।

## पीएम मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...

### पहले फेज की रिकॉर्ड वोटिंग पर

चुनाव में पहले फेज में इतनी बड़ी तादाद में वोटिंग हुई। ये खुशी की बात है कि दहशतगर्दी खत्म हुई और चुनाव के लिए लोग इतनी बड़ी तादाद में घर से बाहर निकले। ये नया इतिहास बना है। आपने ये इतिहास रचा है। दुनिया देख रही है कि कैसे जम्मू-कश्मीर के लोग भारत के लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं।

### एनसी-कांग्रेस और पीडीपी पर

दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक ये लोग बौखलाए हुए हैं। इन्हें लगता है, जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और फिर आपको लूटना, ये इनका पैदायशी हक है। जम्मू-कश्मीर की आवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही इनका सियासी एजेंडा रहा है। इन्होंने सिर्फ डर और अराजकता ही दी है। अब कोई इनके शिकंजे में रहने वाला नहीं है।

### कश्मीर के युवाओं पर

जिन नौजवानों को आगे नहीं बढ़ने दिया। वे इनके खिलाफ मैदान में उतर आए हैं युवा। आज वादी का जो नौजवान 20-25 साल का है, उनमें से कई पढ़ाई-लिखाई से मेहरूम रह गए हैं। कई ऐसे हैं, जिन्हें 10वीं-12वीं या कॉलेज तक पहुंचने में देश के बाकी बच्चों से ज्यादा साल लगे हैं। ये इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस एनसी और पीडीपी के तीन खानदान फेल हुए हैं।

### घाटी में होने वाली पत्थराबाजी पर

इन्होंने अपनी सियासी दुकान चलाने के लिए दशकों तक नफरत का सामान बेचा है। आप वो वक्त याद रखिए, जो स्कूल कॉलेज बच गए, वहां कई-कई सालों तक पढ़ाई नही हो पाती थी। ये तीन खानदान उनके हाथों में पत्थर थमा कर खुश रहते थे।

### राज्य के लिए बीजेपी की योजनाओं पर

यहां अमन की बहाली के लिए मैं पूरी ईमानदारी से जुटा हूं। यहां स्कूल-कॉलेज आराम से चल रहे हैं, बच्चों के हाथ में पत्थर नहीं, बल्कि पेन और किताबे हैं, लैपटॉप हैं। आज यहां नए स्कूल, नए कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी ये बनने की खबरें आ रही हैं। मैं चाहता हूं कि हमारे बच्चे पढ़े-लिखें और ज्यादा काबिल बनें, उनके लिए यहीं पर नए मौके बने।

### जम्मू-कश्मीर में एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स पर

मैं सिर्फ बीते 5 साल का हिसाब आपको देता हूं। मोदी ने 50 हजार बच्चों का दोबारा स्कूल में दाखिला कराया। यहां 15 हजार स्कूलों में प्री प्राइमरी क्लासेस शुरू की गईं, इनमें आज डेढ़ लाख से ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं। आज यहां करीब 250 स्कूलों को पीएम श्री स्कूल्स में अपग्रेड किया जा रहा है। यहां कई कॉलेज बने हैं।

### रोजगार के अवसरों पर

जम्मू-कश्मीर का नौजवान मजबूर नहीं रहा, वो मोदी सरकार में मजबूत हो रहा है। भाजपा ने भी नौजवानों के रोजगार के लिए बड़े ऐलान किए हैं। स्किल डेवलपमेंट हो, बिना धांधली काबिल लोगों को सरकारी नौकरी मिले, ये सारे काम भाजपा यहां पूरे करके दिखाएगी।

### पिछले चुनावों पर

यहां के 3 खानदानों ने 80 के दशक में क्या किया था। इन्होंने सियासत को अपनी जागीर समझ रखा था। किसी दूसरे को आगे आने ही नहीं देना चाहते। पंचायत, डीडीसी के इलेक्शन को क्यों रोका इन्होंने। इन्हें लगता था कि नए लोग सियासत में आएंगे, जो इन्हें चैलेंज करेंगे। इसका नतीजा क्या हुआ? नौजवानों में जम्हूरियत से भरोसा कम होता गया। कैसे इलेक्शन होते थे। शाम 5 बजे के बाद कैंपेन बंद हो जाता था। डोर टू डोर मिलना नहीं होता था। तीनों खानदान इससे खुश थे, आपके हक-हुकूक छीनकर ये लोग मौज में रहते थे। पहले के उन हालात से अलग अब कितना कुछ बदल गया है। अब देर रात कैंपेन होता है। लोग जम्हूरियत को सेलिब्रेट कर रहे हैं, युवा में भरोसा जागा है कि उनका वोटिंग का हक ही बदलाव ला सकता है।

### जनता के लोकतंत्र पर बढ़ते भरोसे पर

जम्हूरियत को लेकर यही आस, उम्मीद बड़ी कामयाबी की तरफ ले जाने वाली पहली सीढ़ी है। यहां जो ऐजाज हसन जैसे नौजवान हैं, वे इन खानदानी पार्टियों को चैलेंज कर रहे हैं, जब ये खानदान ऐसे युवाओं को गालियां देते हैं तो साफ होता है कि जमीनी लोकतंत्र से ये तीन खानदान कितने डरे हुए हैं।

### घाटी में होने वाले धार्मिक आयोजनों पर

इन तीन खानदानों के राज में हजरतबल, खीर भवानी जैसी पवित्र जगहें भी महफूज नहीं थीं। एक दौर था जब लाल चौक पर आना यहां तिरंगा फहराना जान जोखिम में डालने वाला काम था। अब तस्वीर बदल गई है। 3 दशक के बाद अब यहां मुहर्रम का जुलूस निकल पाया है। ये माहौल, ये काम किसने किया है। ये काम मोदी ने नहीं, ये काम आपने किया है।

### कश्मीर में लगने वाले कर्फ्यू पर

35 साल में 3000 दिन बंद रहा। 35 साल में से 8 साल बंद में गुजर गए। पिछले पांच साल में 8 घंटे भी कश्मीर बंद नहीं रहा। ये आपका क्रेडिट है। क्या आप चाहते हैं कि पुराने दिन फिर लौटें, क्या चाहते हैं कि फिर हड़तालें हों, खून खराबा हो। क्या चाहते हैं कि फिर हमारी बेटियों के, कमजोर तबकों के हक मारे जाएं, स्कूल जलाए जाएं?

### मौजूदा चुनावी वादों पर

आज जो कश्मीर में काम हो रहा है, वो पहले भी हो सकते थे। आज जो ईंट-पत्थर आपकी रोड, घर बनाने में लग रहे हैं, उसका इस्तेमाल लोग दूसरी चीजों में करते थे। आज तीनों खानदानों के पास बताने के लिए काम नहीं, सिर्फ नाकामियां हैं। भाजपा गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं, सबके लिए बहुत बड़े इरादों के साथ चुनाव में उतरे हैं।

### सरकार की योजनाओं पर

भाजपा सरकार हर परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला के खाते में हर साल 18 हजार रुपए जमा करेगी। 7 लाख तक मुफ्त इलाज मिलेगा। गरीबों को हजारों घर मिले हैं। सरकार 24 घंटे मुफ्त बिजली देने के लिए काम कर रही है। इसके लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली स्कीम चल रही है। छत पर सोलर प्लांट लगाने के लिए करीब 80 हजार रुपए हर परिवार को दे रही है।

# तिरुपति प्रसाद: लड्डू प्रसाद के घी में मिलावट की पुष्टि

## एनडीडीबी रिपोर्ट में मछली के तेल समेत कई चीजें मिलीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमरावती**

आंध्र प्रदेश में भगवान तिरुपति के प्रसाद को लेकर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया, जिसके बाद राज्य की राजनीति गरमा गई। सीएम नायडू का मानना है कि पिछली सरकार में भगवान तिरुपति के प्रसाद के लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल हो रहा था। टीडीपी नेता ने बताया कि लैब की रिपोर्ट के अनुसार, प्रसाद तैयार करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली घी में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल पाया गया है।

### एनडीडीबी गुजरात की जांच रिपोर्ट में क्या मिला?

प्रसाद में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल होने पर टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमन रेड्डी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ÷चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि घी तैयार करने के लिए जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है। गुजरात में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को परीक्षण के लिए भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की गई है कि कि घी की तैयारी में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल किया गया था। यह हिंदू धर्म का अपमान है। भगवान को दिन में तीन बार चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में इस घी का इस्तेमाल किया गया था। हमें उम्मीद है कि न्याय होगा और भगवान हमें माफ कर देंगे। सीएम चंद्रबाबू नायडू के आरोपों पर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे गंभीर मुद्दा बताया और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। हालांकि, जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने सीबीआई जांच की मांग की।

**घी की जांच रिपोर्ट में इन पदार्थों के मिलावट की पुष्टि**

- लार्ड और मछली के तेल
- जानवरों की चर्बी
- पशु वसा


# सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर हुई पूर्व सैनिक की पत्नी

## सैनिक रामदेव शर्मा कुमाऊं रेजीमेंट रानीखेत से रिटायर हुए, इसके बावजूद उन्हें नहीं मिल रही पेंशन, ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार अधिकारी

- सेना से रिटायर होने के बाद पूर्व सैनिक ने कानपुर की ओईएफ में फिटर के पद से रिटायर होने के बाद वहां से भी मृतक की पत्नी को पेंशन नहीं मिल रही
- सैनिक कल्याण ऑफिस से लेकर ओईएफ के अधिकारियों के साथ ही पीड़िता राष्ट्रपति तक से गुहार लगा चुकी
- मजबूरन भूख के साथ ही, वृद्ध महिला और उसका विकलांग बेटा जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से भी लड़ने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**












**लखनऊ।** एक पूर्व सैनिक की पत्नी जिम्मेदार अधिकारियों और व्यवस्था की अनदेखी के चलते सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर है। सेना की कुमाऊं रेजीमेंट रानीखेत से रिटायर होने के बाद पूर्व सैनिक ने कानपुर की ओईएफ (ऑर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री) में भी नौकरी की। वहां से भी मृतक की पत्नी को पेंशन नहीं मिल रही। इसके बाद सैनिक कल्याण ऑफिस से लेकर ओईएफ के अधिकारियों के साथ ही पीड़िता राष्ट्रपति तक से गुहार लगा चुकी है। पेंशन की हकदार होने के बावजूद पेंशन न मिलने पर मजबूरन इस वीर नारी को सड़कों पर दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। प्रावधान है कि पूर्व सैनिक की विधवाओं को दोहरी पेंशन मिलेगी लेकिन वास्तविकता में ऐसा नहीं हो रहा है, सेना में सम्मान से नौकरी करते हुए सैनिक रामदेव शर्मा कुमाऊं रेजीमेंट रानीखेत से रिटायर हुए और आयुध निर्माणी कानपुर में फिटर के पद से रिटायर होकर दोनों विभागों से पेंशन पाने लगे। किन्तु दिनांक 15-07-2021 को उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी शकुंतला देवी और एक पैर से विकलांग पुत्र ने फैमिली पेंशन के लिए एसबीआई बैंक में आवेदन किया। बैंक ने उनके आवेदन पर आपत्ति लगाई कि आपका नाम मृतक पूर्व सैनिक की सर्विस बुक में दर्ज नहीं है और आपने अंजाने में मृत्यु के बाद पेंशन का इस्तेमाल कर लिया है उसे जमा करें तभी आपको पेंशन मिलेगी। इस पर पूर्व सैनिक की सत्तर वर्षीय विधवा पत्नी अपना और अपने बेटे का नाम सर्विस बुक में दर्ज कराने के लिए आर्मी के सभी बड़े अधिकारियों के पास गई । दर दर भटकने के बाद भी फैमिली पेंशन की प्रक्रिया नहीं शुरू की गई और न ही कोई ऐसा आश्वासन दिया गया कि जिससे फैमिली पेंशन प्राप्त हो सके। पूर्व सैनिकों की विधवाओं की आर्थिक सहायता सुरक्षा के सभी दावे खोखले साबित हुए। थक हार कर शकुंतला देवी ने राष्ट्रपति से गुहार लगाई फिर भी पेंशन नहीं मिल सकी।

### विकलांग बेटा भी मां के साथ भीख मांग रहा है

वर्तमान में पूर्व सैनिक की विधवा पत्नी अपने जीवन यापन के लिए भीख मांगकर खुद का और अपने बेटे का पेट भर रही है। विकलांग बेटा भी मां के साथ भीख मांग रहा है। पूर्व सैनिक की विधवा पत्नी और विकलांग पुत्र की ऐसी दुर्दशा देखकर कलेजा फट जाता है। भारतीय सेना के सिपाही पति की कमाई पर सम्मान से जीने वाली पत्नी भीख मांगने को मजबूर है। जीते जी एक आर्मी का सैनिक देश की खूब सेवा करता है लेकिन उनकी मृत्यु के बाद उनके परिवार की सुध लेने वाले अधिकारी भी मुंह फेर लेते हैं। दस्तावेजों के नाम पर हजारों चक्कर कटवाते हैं।

# बिना भेदभाव डबल इंजन सरकार ने प्रदेश, अयोध्या और मिल्कीपुर में कराए विकास के अनेक कार्य: सीएम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

- मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन
- बोले, जनता के बीच रहते हुए विकास कार्यों की देते रहें जानकारी



मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधकारियों संग बैठक की। सीएम ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बूथ जीतिए, चुनाव जीतिए। सीएम ने मंडल स्तर के पदाधिकारियों से भी सांगठनिक रिपोर्ट ली और कहा कि अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत कीजिए। सीएम योगी ने कहा कि हमें चुनाव बूथ पर लड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्र दिया है कि बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे। हमें हर बूथ पर जीत दर्ज करनी है। पदाधिकारी बूथों की कटेगरी निर्धारित कर लें। ए कैटेगरी के बूथ पर बड़ी जीत दर्ज करनी है। बी कैटेगरी के बूथों को ए कैटेगरी तथा सी कैटेगरी के बूथों को बी कैटेगरी में लाना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस (25 सितंबर) पर पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बूथों पर जाएं और स्थानीय लोगों से संपर्क कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से चल रही प्रदेश, अयोध्या व मिल्कीपुर में चल रहीं विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराएं।

### 30 सितंबर तक करा लिए जाएं सम्मेलन

कार्यकर्ताओं से संवाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संगठन की योजना के अनुसार किसान, अधिवक्ता प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी सहित सभी वर्गों के सम्मेलन आयोजित किए जाएं। 30 सितम्बर तक यसभी प्रकोष्ठों, विभागों की बैठक तथा सभी मोर्चा के सम्मेलन आयोजित हों। इसके उपरांत सभी को मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए जिम्मेदारी सौंप दी जाए।

### यह जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगी सरकार के मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, डॉ. अमित सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कोरी, राघवेंद्र पांडेय, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल सहित मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चों के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ व विभाग के संयोजक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक यूटी उत्कर्ष सिंह व आरक्षी रणवीर सिंह द्वारा नंदकिशोर निवासी ग्राम बैहार को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### सर्प के काटने से किशोर की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कस्बा सिरसा कलार में किशोर को सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक का पंचनामा नहीं हो सका।

सिरसा कलार कस्बा निवासी राशिद खान 17 वर्ष पुत्र शमी खान को गुरुवार की सुबह पशुबाड़े में सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुत्र की हालत बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और उन्होंने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। जिसने झांसी पहुंचने से पहले ही रास्ते में दमतोड़ दिया। मृतक के पिता ने बताया कि मस्जिद के पास उसका बाड़ा है, जिसमे वह भैंसो का व्यापार करता है। गुरुवार सुबह छोटा पुत्र राशिद खान भैंसों को भूसा डाल रहा था। तभी अचानक एक सर्प उसके पैरों में लिपट गया, जिसे उसने तुरंत मार दिया। लेकिन तब तक सर्प ने उसे डस लिया था। बताया कि मृतक दो भाई है। जिसमे यह छोटा था, अभी दोनो में किसी की शादी नहीं हुई है। फिलहाल घटना के बाद से मां व पिता सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### दुष्कर्म के आरोपी को 22 वर्ष की सजा, 65 हजार का लगा जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/उरई।** न्यायालय के पांक्सो एक्ट कोर्ट में दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 22 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने के बाद फैसला के साथ 65 हजार का जुर्माना भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरार खेड़ा के निवासी देव उर्फ विश्वनाथ ने 23 मई 2022 को उरई कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली और रिश्ते में भतीजी लगने वाली 15 वर्षीय किशोरी के घर में छत से कूदकर उसके साथ रेप किया था। इस घटना की शिकायत किशोरी के पिता ने पुलिस से की थी, जिस पर पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था और न्यायालय चार्जशीट दाखिल की थी। जिस पर गुरुवार को दोनों पक्षों की अधिवक्ताओं द्वारा बहस पूरी की गई। जिसमें साक्ष्य और गवाहों के आधार पर देव उर्फ विश्वनाथ को दोषी पाया गया। न्यायालय पोक्सो एक्ट के न्यायाधीश मोहम्मद कमर एचजीएस द्वारा आरोपी को 22 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 65 हज़ार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# स्वच्छता अभियान से चमकेंगी गांवों की गलियां : बीडीओ

* ऊंचाडीह में चलाए गए सफाई अभियान में बीडीओ ने खुद लगाई झाड़ू
* स्वच्छता पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत को किया जाएगा पुरुस्कृत

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मानिकपुर विकास खण्ड में सफाई अभियान का जितना शोर है उतना जोर भी है। ÷स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता÷ थीम पर चलाया जा रहा विशेष साफसफाई अभियान धरातल पर दिखने देखा जा रहा है। खण्ड विकास आधिकारी मानिकपुर शैलेंद्र सिंह इस अभियान की मॉनिटरिंग करने के साथ ही वह खुद मैदान में उतर गए हैं। बीडीओ के कड़े निर्देश पर ग्राम पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अधिक गंदे स्थानों को चिन्हित बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई अभियान में वह खुद मौजूद रहकर झाड़ू लगा रहे हैं।

गुरुवार को मानिकपुर क्षेत्र के ऊंचाडीह ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चलाया गया। जहां बीडीओ शैलेंद्र सिंह खुद इस आभियान में शामिल होकर झाड़ू लगाई। सफाई अभियान को धरातल में उतारने खुद ग्राउंड पर उतर गए हैं। विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में गंदे स्थानों को चिन्हित कर साफ किया जा रहा है।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत को किया जाएगा पुरुस्कृत**

खण्ड विकास आधिकारी मानिकपुर शैलेन्द्र सिंह ने जन एक्सप्रेस से बातचीत में बताया स्वच्छता ही सेवा के तहत संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जैसे सार्वजनिक स्थल, सार्वजनिक संस्थान, पंचायत भवन,पर्यटक स्थल, धार्मिक स्थल आदि की साफ सफाई की जायेगी। स्वच्छता थीम पर आधारित प्रदर्शनी, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यशाला, स्वच्छता उत्सव, स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक, विद्यालय एवं कॉलेज के बच्चों द्वारा स्वच्छता के थीम पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। क्रियान्वित की गयी गतिविधियों को प्रतिदिन स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर अपलोड भी किया जाएगा। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत को पुरुस्कृत भी किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया जा रहा है। स्वच्छता की थीम पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे लोगों अभियान को ले उत्साहित हों। स्वच्छता के प्रति लोगों की आदत में बदलाव आ सके। बीडीओ शैलेंद्र सिंह ने कहा किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

# हाइड्रा क्रेन से कुचलकर वृद्ध महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के रामकुंड के पास हाइड्रा से कुचलकर वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने हाइड्रा को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी।

शहर के मुहल्ला पटेल नगर करसान रोड निवासी वहीदन पत्नी स्व. नूर मुहम्मद गुरुवार की सुबह वह घर से निकली और झांसी रोड स्थित आर्यावर्त बैंक में अपनी पेंशन निकालने जा रही थी। जैसे ही वह पैदल जेल रोड के पास ई-रिक्शा पर बैठने के लिए पहुंची। तभी सामने आ रहे हाइड्रा के चालक ने तेजी व लापरवाही के चलते उसे टक्कर मार दी। हादसा देखकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हाइड्रा चालक को पकड़ना चाहा लेकिन वह भाग निकला। इसके बाद मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस व उसके पुत्र वहीद व इस्लाम को दी। मौके पर पहुंचे पुत्रों उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। तभी मेडिकल कालेज पहुंचते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने बताया खबर मिलते ही फोर्स को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने क्रेन हाईड्रा को कब्जे में लेकर फैक्ट्री एरिया चौकी में खड़ा करा दिया है।मौके पर पहुंचे पुत्रों उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। तभी मेडिकल कालेज पहुंचते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने बताया खबर मिलते ही फोर्स को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने क्रेन हाईड्रा को कब्जे में लेकर फैक्ट्री एरिया चौकी में खड़ा करा दिया है। वृद्ध की मौत के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने जेल रोड पर जाम लगाने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस के तुरंत मौके पर पहुंच जाने के बाद लोग शांत हो गए। फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# एसपी ने जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी कर पूछी जनता की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने जनप्रतिनिधियों से जनपद में नागरिकों को होने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में पूछा। साथ ही बेहतर कानून व्यवस्था के लिए सुझाव लिये। गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों द्वारा रामघाट क्षेत्र में चारों धाम यात्रा के नाम पर श्रद्धालुओं से वाजिब किराए के स्थान पर भारी भरकम वसूली पर ध्यान आकृष्ट किया गया। साथ ही ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। इसके साथ ही राणन तालाब एवं रानीपुर भट्ट तालाब के अमृत सरोवर घोषित हो जाने के कारण आगामी दुर्गा पूजा के दौरान दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर आने वाली समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही प्रयागराज रोड स्थित खोही तालाब, बेडी पुलिया स्थित दुर्गादास तालाब और हनुमान मंदिर के समीप स्थित लोढवारा तालाब और बनकट तालाब का नाम प्रतिमा विर्सजन को सुझाया गया। पुलिस अधीक्षक ने इन दोनों बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया।

इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एमएलसी बाबूलाल तिवारी के प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### हैंडबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीमें रवाना

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय बरेली द्वारा 20 से 22 सितंबर तक महिला हैंडबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम में किया जाना है। जिसमें प्रदेश के 18 मंडलों की टीमें भाग लेंगी। चित्रकूट धाम मंडल की टीम बास्केटबॉल एवं हैंडबॉल की टीम भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम मैनेजर शैलेंद्र कुमार एवं अख्तर हुसैन के साथ बरेली के लिए रवाना हो गई है। हैंडबॉल टीम में नैना, अंशिका, रोशनी, श्वेता, दुर्गा, अंशिका, अर्पिता, मनीषा, मोनिका, तनु, वैभवी, अनुषा शामिल है। बास्केटबॉल टीम में गरिमा, कैप्टन स्नेहा, सीता, साधना, बबली, जानकी, देवी कशिश चैरसिया, रोशनी शामिल हैं।बास्केटबॉल टीम में गरिमा, कैप्टन स्नेहा, सीता, साधना, बबली, जानकी, देवी कशिश चैरसिया, रोशनी शामिल हैं। दोनों ही टीमें गुरूवार को बरेली के लिए रवाना हो गई है। खेल अनुदेशक श्याम सुंदर यादव, श्री कृष्ण एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव ने टीम को शुभकामनाएं दी।

# महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा परिवारिक विवादों, मतभेदों को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

आवेदक सुशील कुमार पुत्र अजीत कुमार निवासी छेछरिहा ने महिला थाना के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी पत्नी अनुराधा पुत्री शिवशंकर निवासी निबहु जलालपुर थाना बबेरू जनपद बांदा लडाई झगडा करती है। थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज एवं उप निरीक्षक गीता व महिला आरक्षी नीतू नायक द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाने बुलाया गया। साथ ही दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में मारपीट, गाली गलौज व लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोडे को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

# जुआ खिलवाने के आरोप में थानाध्यक्ष सहित दो सिपाही निलंबित

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जनपद में जुओ को लेकर पुलिस अधीक्षक सख्त नजर आ रहे हैं। जहां उन्होंने बिना थानाध्यक्ष को बताएं एसओजी द्वारा रामपुर थाना क्षेत्र में छापा मारकर जुएं के फड़ को पकड़ा, तो वही मामले में संलिप्त पाए जाने पर थानाध्यक्ष सहित दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से जनपद में हड़कंप मचा हुआ है। रामपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देश पर बुधवार देर शाम को एसओजी ने कस्बा रामपुरा के मोहल्ला जवाहर नगर में एक खाली मकान में छापेमारी की थी। जिसमें मौके से 17 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। मौके से पुलिस ने पांच लाख रुपए व ताश की गाड़ी बरामद की थी। पुलिस ने मौके से आरोपित जुआरी देवेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत, मुकेश कुमार, अमित कुमार, राजकुमार, मुहम्मद सलीम, मनीष कुमार, निशांत, विजय सिह, रवि, रविशंकर, अंकुश, महेंद्र प्रताप, कुलदीप, रामपाल व नीलेश कुमार को गिरफ्तार किया था। जिन पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया। ऊक्त जुएं का अड्डा कस्बा रामपुरा में ही संचालित हो रहा था और थाना पुलिस ने इससे पहले यहां छापेमारी नहीं की थी। जिसे लेकर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार रामपुरा थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल के साथ साथ थाने के स्टाफ से नाराज थे। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने मामले की जांच सीओ से कराई।जिसमें प्रथम दृष्टया रामपुरा थाना के थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल के साथ इसी थाने के सिपाही विनय चौहान व मोहित तिवारी को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पूरे मामले की जांच सीओ से कराई जा रही है। पुलिस अधीक्षक की कार्यवाही से पुलिस महकमा में हड़कंप बचा हुआ है।

### उरई कोतवाली क्षेत्र में भी लग रहे जुए के दर्जनों फड़

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में भी पुलिस की सरपरस्ती में कई जगह जुएं के फड़ लग रहे हैं। जिसमें शहर कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्र नगर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला बंबी रोड, पटेल नगर, बजरिया, राजेन्द्र नगर, कोच बस स्टेण्ड आदि जगह प्रमुख है। जहां 52 परी जमकर नचाई जा रही है। अगर पुलिस अधीक्षक उरई कोतवाली क्षेत्र में भी रामपुरा जैसे बिना कोतवाली पुलिस की जानकारी से छापेमारी करें तो कई बड़े जुएं के फड़ सामने आएंगे और कोतवाली पुलिस की कलई खुल सके।

### रकम कम दिखाने के लगे आरोप

**उरई।** चर्चा है कि छापेमारी के दौरान जो रकम पुलिस द्वारा दिखाई गई वह काफी कम है, जबकि मौके पर अधिक रुपए बरामद किए हैं। इस मामले में एसओजी के कई सिपाहियों पर भी आशंका है कि रुपयों के हेरफेर में वह भी शामिल हो सकते हैं। जिन पर जांच के बाद कार्रवाई हो सकती है।

# डीएम ने विकास प्राधिकरण में ई-ऑफिस प्रणाली का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी/विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास प्राधिकरण उरई में ई-ऑफिस प्रणाली का सुभारम्भ किया। डिजिटल रिकॉर्ड में रहेंगी फाइलें, गुम होने का झंझट होगा खत्म। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने पर कर्मचारी व अधिकारियों की जवाब देगी तय होगी। उन्होंने ने कहा कि विकास प्राधिकरण उरई में ई- ऑफिस प्रणाली लागू होने से कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ई- ऑफिस सिस्टम लागू होने से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आने के साथ ही लंबित फाइलों पर कर्मचारियों की जवाब देही तय होगी। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस उत्तर प्रदेश शासन का एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है, जो एनआईसी के सॉफ्टवेयर पर कार्य करता है, इस प्रणाली में पारंपरिक फाइलिंग प्रणाली की तुलना में अतिरिक्त लाभ है। ई- ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालय को पेपर लेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस में अगर कोई फाइल आती है, तो उसका नोटिफिकेशन संबंधित को मिल जाता है समय के अंतर्गत उस फाइल का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाता है।इस अवसर पर विकास प्राधिकरण सचिव/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, सहायक अभियंता कमलेश कुमार, अवर अभियंता सुधीर कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मारपीट व गाली गलौच के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपियों को अर्थदण्ड की सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मारपीट व गाली गलौच के मामले में दोष सिद्ध होने पर चार आरोपियों को न्यायालय ने प्रत्येक को 1500 रूपए अर्थदण्ड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।

सहायक अभियोजन अधिकारी ब्रजमोहन ने बताया कि मारपीट व गाली गलौच करने पर राजापुर थाना क्षेत्र के सिकरी निवासी श्रीराम, नंगा व झुल्लू के विरूद्ध राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। साथ ही पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी श्रीराम, नंगा व झुल्लू को प्रत्येक को 1500 रूपए के अर्थदण्ड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई। इसी प्रकार सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि एक राय होकर मारपीट व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के गढचपा निवासी राजबहादुर सिंह के विरूद्ध मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। साथ ही पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधीश खुशबु चन्द्रा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राजबहादुर सिंह को 1500 रूपए अर्थदण्ड के साथ न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।

# डीएम ने की 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने 50 लाख रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों में अन्तर्राज्यीय, अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर दो, फोर लेन मार्ग पर गेट एवं प्रकाश व्यवस्था, राजकीय महाविद्यालय पाही, सेतुओं के निर्माण, उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र, पर्यटन सुविधा केन्द्र, पर्यटन के कार्यों, सूचना संकुल भवन, डिफरेंस कॉरिडोर, जल जीवन मिशन के कार्यों, बहुद्देशीय क्रीडा हाल, थाना भरतकूप, सरधुआ के आवासीय, अनावासीय भवन निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, वृहद गौ आश्रय केन्द्रों के निर्माण, ड्रग वेयरहाउस, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलिज मानिकपुर, नगर पंचायत भवन मऊ का निर्माण, नवीन संकेत जूनियर हाईस्कूल का निर्माण, रेस्क्यू सेंटर का निर्माण, तुलसी वाटर फाल आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिनमें प्रगति कम है, उसमें श्रम शक्ति बढाकर प्रगति कराई जाए। साथ ही निर्माण कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए, जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं तो सम्बन्धित विभागों को हैंडओवर कराए। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से कहा कि जो निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें जिन कार्यों में भूमि सम्बन्धी मामले हैं, उसकी तहसील वार सूची बनाकर उप जिलाधिकारियों से निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जो सेतुओं के निर्माण कार्य पूर्ण हो गये है, उनमें एक समिति गठित करके गुणवत्ता की जांच कराई जाए। परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को निर्देश दिए कि जिन सेतुओं में एप्रोच रोड पूर्ण नहीं है, उनको तत्काल कराया जाए। उन्होंने यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता से कहा कि जो पर्यटन विकास के कार्य रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर चल रहे हैं, उनपर तेजी लाई जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि रामघाट व परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर अमावस्या मेला से पूर्व पूर्ण कराया जाए ताकि आने वाले तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बंदना श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी से जोड़ रही योगी सरकार

## मिशन कर्मयोगी के लिए केंद्र सरकार के पोर्टल पर यूपी के 94 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

- अब तक 28,881 कर्मचारी और अधिकारियों ने पूरा किया प्रशिक्षण, करीब 6 हजार अधिकारियों ने पूरा किया कोर्स
- प्रदेश सरकार के सभी 43 विभागों में मिशन कर्मयोगी को लेकर नोडल अधिकारी किए गए हैं नियुक्त
- कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए कर्मचारी टू कर्मयोगी अभियान के माध्यम से किया गया वर्कशॉप का आयोजन
- कर्मचारियों और अधिकारियों के क्षमता विस्तार और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाना मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) को सुधारना और उन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार कुशल बनाने के लिए पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। पीएम मोदी के विजन के अनुरूप और सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में तैनात ज्यादा से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों को इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग (आईजीओटी) पोर्टल में 94 हजार से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और अधिकारी ऑनबोर्ड या रजिस्टर्ड हो चुके हैं। वहीं, 45 हजार से ज्यादा ने पाठ्यक्रम में अपना नामांकन कराया है, जिसमें करीब 29 हजार ने कोर्स पूरा कर लिया है। इनमें करीब 6 हजार अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 2 सितंबर, 2020 को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ÷मिशन कर्मयोगी÷ को शुरू करने की मंजूरी प्रदान की थी।

### अभियान चलाकर किया गया वर्कशॉप्स का आयोजन

हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष उत्तर प्रदेश एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट (यूपीएएम) के प्रस्तुतिकरण में मिशन कर्मयोगी में उत्तर प्रदेश की भागीदारी की जानकारी दी गई। उपाम के डीजी वेंकटेश्वर लू और अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी ने यह प्रस्तुतिकरण दिया। अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि आई-जीओटी पोर्टल पर प्रदेश के 43 विभागीय नोडल अधिकारी नामित किए जा चुके हैं। वहीं, 94 हजार से ज्यादा ऑफिशियल्स ऑनबोर्ड या रजिस्टर हो चुके हैं। 45 हजार से ज्यादा कोर्स इनरोलमेंट के साथ ही 28,881 ने कोर्स कंप्लीट कर लिया है। इनमें 5,921 ऑफिशियल्स ने भी अपना कोर्स कंप्लीट कर लिया है। योगी सरकार ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में कर्मचारी टू कर्मयोगी अभियान के माध्यम से वर्कशॉप्स का आयोजन किया, जिसके तहत प्रदेश के 14 ट्रेनिंग इंस्टीट्यूस में अभियान के तहत कर्मचारी टू कर्मयोगी ट्रेनिंग प्रदान की गई। वहीं, 10 जिलों में फील्ड विजिट करके वर्कशॉप्स का आयोजन किया गया। इसी तरह 8 विभागों में अब तक वर्कशॉप का आयोजन किया जा चुका है।

### कार्यक्रम लागू करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा उपाम

उत्तर प्रदेश में मिशन कर्मयोगी को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट (उपाम) सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत उपाम से अपेक्षा की गई है कि वह प्रत्येक विभागों और राज्य के विभिन्न संगठनों के लिए नोडल अधिकारी और एमडीओ (स्ध्र्ह) को नामित करेगा। इसके साथ ही हर नोडल अधिकारी और एमडीओ को आईगॉट पोर्टल पर शामिल करेगा। यही नहीं, प्रत्येक विभाग के सभी कर्मियों को नोडल अधिकारियों के माध्यम से पोर्टल पर शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कर्मियों और पाठ्यक्रम सामग्री को विभागों द्वारा अपलोड करने के संबंध में मासिक बैठक का आयोजन करना और विभिन्न विभागीय नोडल अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए कर्मियों और पाठ्यक्रम सामग्री के ऑनबोर्डिंग की निगरानी करना भी उसकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है।

### कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है उद्देश्य

मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य सिविल सेवकों की कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने पर केंद्रित है, ताकि वे देश की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकें। इस मिशन के माध्यम से सिविल सेवकों के व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए लगातार शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मिशन कर्मयोगी के तहत, सरकार कर्मचारियों को नई तकनीक, नेतृत्व कौशल और प्रशासनिक सुधारों से परिचित कराती है, जिससे वे अधिक कुशलता और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। साथ ही इसमें विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम शामिल हैं, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में लगातार निपुणता प्राप्त कर सकें। इसके लिए आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल निर्मित किया गया है, जहां सरकारी कर्मियों को उनकी योग्यता और कौशल को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों की सुविधा दी जाती है।

# चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव की स्थापना पर लगी अंतिम मुहर

- उन्नाव जिले में जल्द होगी चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना, योगी सरकार दे चुकी है मंजूरी
- उच्च शिक्षा मंत्री ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों को विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए सौंपा प्राधिकार पत्र
- योगी सरकार के निर्णय से प्रदेश के छात्रों को प्राप्त हो सकेगा उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का लाभ
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का नया परिसर लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे 63.53 एकड में किया जाएगा स्थापित
- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उन्नाव को स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट से मिली थी बाई सर्कुलेशन मंजूरी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए उन्नाव जिले में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सचिवालय में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट, चंडीगढ़ के प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र सौंप दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को उन्नाव में स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट द्वारा बाई सर्कुलेशन मंजूरी प्रदान की गई थी। योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का लाभ मिलेगा। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का यह नया परिसर लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे स्थापित होगा, जो उन्नाव और आसपास के जिलों के छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित होगा। यह विश्वविद्यालय उन्नाव जिले के ग्राम पदसंदन, परगना गोरिन्?दा परसंदन, तहसील हसनगंज में 63.53 एकड भूमि पर निजी क्षेत्र के अन्तर्गत स्थापित किया जाएगा।

### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी होगा कदम

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने गुरुवार को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र सौंपने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का यह निर्णय प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होगा। इससे न केवल प्रदेश के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी, बल्कि इससे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विस्तार के लिए प्रयासरत है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की उन्नाव में स्थापना प्रदेश के शिक्षा जगत में एक नया अध्याय साबित होगी। इससे प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, जो उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और भविष्य के बेहतर अवसर लेकर आएगी। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, उन्नाव की स्थापना से छात्रों को अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय प्रदेश के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

### जारी की गई अधिसूचना

विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी द्वारा 19 सितंबर, 2024 को सीयू इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव/चेयरमैन को एड्रेस करते हुए अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार, निजी क्षेत्र के अंतर्गत फ्रचंडीगढ़ विश्वविद्यालय, उन्नावफ्र का नाम उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश, 2024 के तहत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 45 पर सम्मिलित किया गया है। इसके साथ ही चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, उत्तर प्रदेश के संचालन की अनुमति भी प्रदान की गई है। इस अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय को राज्य सरकार से आधिकारिक मान्यता प्राप्त हो गई है। साथ ही विश्वविद्यालय से अपेक्षा की गई है कि वह प्राधिकार पत्र में उल्लिखित शर्तों के अधीन विश्वविद्यालय का संचालन करेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### आईटीआई पास युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत आईटीआई पास बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में पेप्सिको इंडिया होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड, मथुरा द्वारा कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। कैम्पस ड्राइव 21 सितम्बर को आयोजित होगा, जिसमें कई आईटीआई ट्रेडों से पास युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव का आयोजन मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आईटीआई पास बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर श्री एम. ए. खाँ ने जानकारी दी कि इस कैम्पस ड्राइव में पेप्सिको इंडिया द्वारा नैप्स नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत युवाओं का चयन किया जाएगा। कैम्पस ड्राइव में वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जो हाईस्कूल पास होने के साथ-साथ आईटीआई के फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक और इंट्रूमेंट मैकेनिक ट्रेड से वर्ष 2023 या 2024 में उत्तीर्ण हुए हों। इसके लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को रुपये 13,000 प्रति माह का मानदेय और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस कैम्पस ड्राइव में कुल 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 21 सितम्बर को सुबह 10 बजे अपने बायोडाटा और समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के प्लेसमेंट हॉल में उपस्थित हो सकते हैं।

### उत्तर प्रदेश के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत द्वारा प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 17-18 सितम्बर को आयोजित इन्स्पायर अवार्ड-मानक योजना के तहत 11वीं राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी और प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रदेश के छात्र अनन्य द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर उन्हें रजत पदक, एक लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि अनन्य द्विवेदी, जो ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतम बुद्ध नगर स्थित द मंथन स्कूल के छात्र हैं, ने अपने प्रोजेक्ट में प्लास्टिक कचरे का उपयोग कर गड्ढों की मरम्मत प्रणाली विकसित की है, जो एक अभिनव और पर्यावरण अनुकूल समाधान प्रस्तुत करता है। इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय पुरस्कारों की दौड़ में शीर्ष तीन परियोजनाओं में शामिल किया गया और अनन्य को रजत पदक से नवाजा गया। इसके साथ ही, अनन्य ने चित्रकला प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान, निर्माण कराने की मांग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बक्शी का तालाब तहसील क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर लखनऊ हाईवे से रैथा रोड से कमला बाद बडौली को जोड़ने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। ग्रामीण जर्जर सड़क से परेशान हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस में सुधार को लेकर उदासीन बने हुए हैं। ग्रामीणों नरेंद्र, रामदीन अन्य का कहना है कि सड़क के जर्जर होने के कारण आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात होने पर इस सड़क से होकर गुजरने में गिरने की संभावना बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों को गिरकर चोटिल होना आम बात बनी हुई है। इस सड़क में गड्ढों और गिट्टी के अलावा कुछ भी नजर नहीं आता है, जबकि इस मार्ग पर अधिकांश कृषि भूमि करने वाले, दुकानदार, स्कूली छात्र-छात्राओं अन्य लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों ने उक्त सड़क का निर्माण करवाने की मांग की है।

## अभिनेता राजकुमार राव ने एसआर ग्रुप में किया गीत तुम जो मिले हो का प्रमोशन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बक्शी का तालाब स्थित एसआर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूटशन में फिल्म जगत के अभिनेता राजकुमार राव अपनी आने वाली नई फिल्म ÷विकी विद्या की वो वाली वीडियो÷ जो 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है, उसके प्रमोशन हेतु एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट में आये। जिसमें उन्होंने एस आर के बी-टेक व एमबीए , आईएमबीए के 4000 छात्रों के साथ प्रमोशन में फिल्म के बारे में बताया और अपने वीडियो पर छात्रों के साथ अपने गाने की चित परिचित डांस मुद्रा ÷तुम जो मिले हो÷को भी करके दिखाया और एस आर के सभी छात्रों को फिल्म रिलीज होने पर पूरे परिवार के साथ हाल में देखनें के लिए कहा है। वहीं तृप्ति डिमरी जो की विद्या के किरदार में हैं उनके वीडियो में उनका कहना था कि वे एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट जरूर आयेंगी। राज कुमार राव के अभिनय पर सशक्त मंचन ,अभिनय कौशल से सभी प्रभावित हुए और छात्रों फैकेल्टी एवं मैनेजमेंट के सभी सदस्यों को बहुत ही आनंद आया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन वा एमएलसी पवन सिंह चौहान,वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान, वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान, सभी निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, एओ, विभागाध्यक्ष, फैकल्टी, स्टाफ सभी उपस्थित रहे । एमएलसी पवन सिंह चौहान ने आए हुए क्रू मेंबर्स,अभिनेता, सह अभिनेता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## बीकेटी के शिवपुरी गांव में लगाया गया, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

- रोशनी आई केयर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 210 मरीजों को दी निशुल्क दवाई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले की बीकेटी तहसील क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। बता दे कि रोशनी आई केयर नेत्र अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर शिवपुरी गांव में लगाया गया। जिसमें शिवपुरी गांव के कुल 110 ग्रामीणों को जांच कर दवाई दी गई। जिसमें से 27 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनकी जांच कर दवाई,आई ड्रॉप दी गई। वहीं रोशनी आई केयर चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ रितेश पांडेय ने बताया कि शिवपुरी गांव में 210 मरीजों की जांच की गई। जिसमें से 27 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये। स्वस्थ शिविर में लोगों की जांच कर दवाई वितरित की गई और आंखों कु ड्रॉप भी दी गई जिससे कि लोगों को इससे काफी आराम मिलेगा। आगे भी ऐसे ही स्वस्थ शिविर हम ज्यादा से ज्यादा गांव में लगाने का प्रयास करेंगे जिससे कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात ग्रामीण गरीबों लोगों को राहत मिल सके।

# संचारी रोगों पर वार को तैयार योगी सरकार, 1 अक्टूबर से फिर चलेगा अभियान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- अभियान के तीसरे चरण के तहत 1 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का आयोजन
- स्वास्थ्य विभाग समेत 11 अन्य विभाग प्रदेश भर में आपसी समन्वय से अभियान को बनाएंगे सफल, स्वास्थ्य विभाग होगा नोडल
- अभियान को सफल बनाने के लिए योगी सरकार ने जनता से की अपील, संवेदनशील स्थानों से स्वास्थ्य विभाग की टीम को कराएं अवगत



बारिश से पनपने वाले वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए योगी सरकार एक बार फिर प्रदेश भर में 1 अक्टूबर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने जा रही है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसके साथ ही 11 अक्टूबर से 31 अक्तूबर तक पूरे प्रदेश में दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। सीएम योगी के निर्देशों के अनुरूप वर्ष-2024 के तृतीय चरण के संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर संचालित किया जाएगा। अभियान को स्वास्थ्य विभाग समेत 11 अन्य विभाग आपसी समन्वय से संचालित करेंगे। वहीं योगी सरकार की ओर से लोगों से भी अपील की गई है कि अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। साथ ही उन स्थानों से भी स्वास्थ्य विभाग की टीम को अवगत कराएं, जहां मच्छर पनपते हैं।

### गतिविधियों के साथ ही जागरूकता पर फोकस

सीएम योगी के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी नगर आयुक्तों, जल संस्थान के महाप्रबंधकों एवं नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों को कार्ययोजना को अमल में लाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही नगर निगमों, नगर पालिकाओं और समस्त नगर पंचायतों के लिए संवेदीकरण बैठक निर्धारित की गई है एवं समस्त नगर निकायों द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय वार व वार्ड वार संपन्न की जाने वाली गतिविधियों की माइक्रोप्लान जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी को 29 सितंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये हैं कि नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दिमागी बुखार समेत अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों की रोकथाम तथा साफ-सफाई के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संवेदीकरण कराया जाए। नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई हाई रिस्क क्षेत्रों की सूची में उल्लिखित स्थानों पर सघन वेक्टर नियंत्रण एवं संवेदीकरण गतिविधियां संपादित कराना शामिल है।

### आभा आईडी भी बनेगी

अभियान के दौरान जिलों में आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा आईडी) भी बनाई जाएगी। इससे मरीजों के उपचार करने में सुविधा रहेगी। स्वास्थ्य विभाग के पास यह भी जानकारी रहेगी कि मरीज का किस बीमारी का कब इलाज हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ अभियान की लगातार मानीटरिंग करेंगे। किस विभाग ने क्या और कितना काम किया, इस पर भी निगाह रखी जाएगी।

### घर-घर जाकर सफाई के प्रति जागरूक करेंगे स्वास्थ्य कार्यकर्ता

प्रदेश के सभी जिलों में 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी चलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, इंफ़्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। साथ ही क्षेत्रवार घरों की सूची जहां मच्छरों का प्रजनन पाया गया है, इसका विवरण निर्धारित प्रपत्र पर भरकर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएंगी। स्वास्थ्य विभाग समेत 11 अन्य विभागों के संयुक्त प्रयास से संचारी और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्राम्य विकास विभाग/पंचायती राज विकास विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सूचना जनसम्पर्क विभाग तथा उद्यान विभाग शामिल है। स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग की भूमिका में होगा।

# नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरूण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में शिवमंगल मौर्य इण्टर कॉलेज सिद्धार्थ नगर, ऊँचाहार रायबरेली में ड्रग्स, धूम्रपान व मद्यपान के उन्मूलन हेतु संवेदीकरण के विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर दीपप्रज्जवित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस शिविर में परितोष प्रकाश, अपर सिविल जज द्वारा बताया गया कि ड्रग्स का सेवन करने वाले बच्चों का पढ़ाई व खेल में मन न लगना, आँखों का लाल होना एवं जुबान लड़खड़ना, एनर्जी लूज व आपराधिक गतिविधियों में धीरे-धीरे लिप्त होने संबंधी जानकारी दी गयी। इस शिविर में नीलांचल चौधरी, अपर सिविल जज द्वारा बताया गया कि नशीले पदार्थों के सेवन से चिड़चिड़ापन, पागलपन एवं घबराहट व असमय मृत्यु तथा ड्रग्स, स्मैक, गांजा व कोकीन के प्रकार व उनसे होने वाले नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

शिविर में रविन्द्र प्रताप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप मनाया जाता है। नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत 15 अगस्त 2020 को हुई थी। वर्तमान में भारत में महिला, पुरूष व युवा 47 प्रतिशत मादक द्रव्यों के सेवन व नशीली दवाओं प्रयोग करते हैं शिविर में उपस्थित बच्चों को बताया गया कि तम्बाकू सिगरेट व अन्य मादक पदार्थों से दूर रहे तथा अपने माता-पिता व अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस कार्यक्रम में हर्षिता सिंह, अपर सिविल जज द्वारा बताया गया कि मादक पदार्थ हमें सामाजिक स्तर, अपने परिवार व लोगों को वास्तविकता से दूर रखती है। नशे से



शारीरिक, मानसिक कार्यप्रणाली, रचनात्मकता को कम करने के संबंध में बताया गया। इस कार्यक्रम में समृद्धि मिश्रा, अपर सिविल जज द्वारा भी जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उपस्थित बच्चों को विडियो क्लिप के माध्यम से जागरूक किया गया।

शिविर की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा बताया गया कि भारतीय संविधान में अनुच्छेद 47 के तहत राज्य औषधीय प्रयोजनों को छोड़कर मादक पेय और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दवाओं के सेवन पर प्रतिबंध के दिशा-निर्देश दिये हुए हैं, तथा नीति कानून बनाने में इन सिद्धांतों को लागू करना होगा। दौरान शिविर में यह भी गया कि सभी मादक पदार्थों में वैधानिक चेतावनी में लिखा रहता है, शराब पीना व तम्बाकू का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक फिर भी आम जनमानस सेवन करने में पीछे नहीं रहते हैं तथा शिविर के दौरान आबकारी निरीक्षक खगेन्द्र सिंह वर्मा को निर्देशित किया कि विद्यालय / कालेज के 100 मीटर के अन्दर आने वाले मादक पदार्थ व धूम्रपान वाली दुकानों को हटाये जाने पर विचार किया जाना चाहिए तथा उक्त शिविर में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं, शिक्षक/ शिक्षिका व अधिकारीगण को नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नशीली वस्तुओं का सेवन न करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर सरिता मौर्य प्रधानाचार्या, रमेश चन्द्र यादव, निरीक्षक ऊँचाहार, एडवोकेट एस0एन0 मौर्य व पराविधिक स्वयं सेवक नागेन्द्र कुमार व प्रमोद कुमार तिवारी उपस्थित रहे। उक्त शिविर का संचालन उपप्रधानाचार्य एस0एन0 साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त प्रबन्धक डॉ0 आर0पी0 मौर्य के द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## धूम धाम से मनाया गया शिवालय परिवार सिंधी समाज का 17 वां श्री गणेश महोत्सव

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनगर सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन ? शिवालय मंदिर परिसर में धूम धाम से मनाया गया 11 दिवसीय श्री गणेश महोत्सव पूज्य महंत गणेश राय दास ने जानकारी दी इस दिव्य अवसर पर अनेकों प्रकार के कार्यक्रम अयोजन किया गया प्रथम दिन गौरी पुत्र श्री गणेश का जन्मोत्सव मनाया गया भक्तो ने धूम धाम से प्रभु की छठी महोत्सव का आयोजन किया, छप्पन भोग से प्रभु का भोग लगाया गया और 11 दीन निरंतर भजन संध्या का आयोजन किया गया इस दिव्य उत्सव में माता आशा राय,सिंधी समाज के मुखिया राजकुमार मोटवानी, मुखिया धर्मपाल रावलानी सहित तुलसीदास,राजेश संगतानी, ठाकुरदास, कार्तिक, किशोर वलेचा,संतोष मोटवानी, हर्ष संगतानी ,राम संगतानी, संजय सहता, हरिकुमार,राजेश जसवानी, रेशमा अंदानी, जया खत्री, हिमाशी खत्री, सरिता मोटवानी काजल, मुस्कान, दृष्टि, भक्ति,भावना,मधु,रितिका आदि अनेकों भक्त निरंतर सेवा में समर्पित रहे।

# 13 दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में जनरल ई0डी0पी0 के अंतर्गत मेंहदी नेल आर्ट एवं टैटू मेकिंग कार्यक्रम का समापन आर सेटी अयोध्या द्वारा मेंहदी , नेल आर्ट एवं टैटू मेकिंग का 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जो 06 सितंबर 2024 से 19 सितंबर 2024 तक चलाया गया जिसका मूल्यांकन दिनांक 18 सितंबर 2024 को हुआ द्य जिसमे राज्य नियंत्रक आर-सेटी (×क्र)उत्तर प्रदेश श्रीमती अनुपमा सिंह, तथा संस्था के निदेशक श्री अविनाश किशोर एवं संस्था के समस्त सदस्य उपस्थित रहे द्य इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी अभ्यर्थियों को आज प्रमाणपत्र वितरण किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

# पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण गोष्ठी एवं शिक्षक अभिभावक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत ब्लॉक जगदीशपुर में प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह की अध्यक्षता में पोषण गोष्ठी का आयोजन विकास खंड सभागार में किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने कुपोषण का चक्र तोड़ने हेतु किशोरियों के स्वास्थ्य व शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण,स्वास्थ्य जांच,डेढ़ गुना भोजन,दो घंटे दिन में आराम,जन्म के एक घंटे के अंदर मां का स्तनपान, छ माह तक सिर्फ मां का दूध,सातवें माह से अन्नप्राशन के साथ ऊपरी आहार की शुरुआत,दो वर्ष तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान, टीकाकरण व प्रतिमाह वजन करते रहने से कुपोषण के स्तर को कम किया जा सकता है।प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा सभी कार्यकत्रियों को सरकार के मंशा के अनुरूप समाजपयोगी व अच्छे कार्यों को करने को कहा गया। इस अवसर पर पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही गर्भवती



महिलाओं की गोद भराई व छ माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।पोषण जागरूकता हेतु पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ सरिता सिंह ने किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत,आई एस बी व मुख्य सेविका नगीना देवी उपस्थित रहीं।जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र राजगढ़ गौरीगंज में कार्यक्रम का आयोजन रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक सुरेश कुमार यादव के निर्देशन मे शिक्षक-अभिभावक बैठक किया गया।आंगनवाड़ी कार्यकत्री विमला देवी ने अभिभावकों का स्वागत एवम अभिनंदन किया।और सभी अभिभावकों को प्रतिदिन अपने बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्र भेजने का आग्रह किया।बैठक में मौजूद बच्चों के माता पिता एवम परिवार के सदस्यों को रॉकेट लर्निंग संस्था से सुरेश कुमार यादव ने बताया कि तीन से छह साल के बच्चों के लिए शालापूर्व शिक्षा,घरेलू गतिविधियों में बच्चों को शामिल करना और खेल- खेल में बच्चों को सिखाना बच्चों के सामाजिक विकास और भावात्मक विकास को बढ़ावा देता है।कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों का प्रस्तुतिकरण भी किया गया।कार्यक्रम के अन्त में सभी अभिभावकों ने बच्चों के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने,उन्हे अच्छा नागरिक बनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय योगदान देने की शपथ ली।

# नीलगाय से टकराई बाइक, दंपत्ती समेत दो बच्चे घायल

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



खीरों स्थानीय थाना क्षेत्र के खाड़ेपुर गांव की पुलिया के पास रविवार सुबह 10 बजे रोड पर नीलगाय आने से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई जिससे बाइक सवार दंपति व दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खीरों में भर्ती कराया। बता दें कि थाना क्षेत्र के मिश्रन खेड़ा गांव निवासी ललई पुत्र खेलावन 32 वर्ष, मीना कुमारी पत्नी ललई 28 वर्ष, आयुष पुत्र ललई 8 वर्ष एक छोटा बच्चा 22 दिन का जो कि वह अपने निवास स्थान से लालगंज परिवार सहित छोटे बच्चे की तबियत खराब होने के चलते रविवार की सुबह लगभग 10 बजे पत्नी व बच्चों के साथ मोटर साइकिल से दवा लेने लालगंजजारहा थाजैसे ही उसकी बाइक खीरों थाना क्षेत्र केखाड़ेपुर पुलिया के समीप पहुंची, उसी समय रोड पर अचानक नीलगाय आ गई जिसके कारण बाइक सवार अनियंत्रित होकर नीलगाय से टकराकर रोड़ पर गिर गई

बाइक पर सवार सभी लोग रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गएगनीमत रही की 22 दिन का बच्चा बाल बाल बच गया दुर्घटना में घायलों को स्थानीय लोगों की मदत से 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खीरों में भर्ती कराया गया जहां परउनका इलाज चल रहा है डॉ.मनोज मिश्रा ने बताया कि घायलों का उपचार किया जा रहा है अब सभी खतरे से बाहर है।

# प्रधानमंत्री आवास में धूम धाम से मनाई गयी विश्वकर्मा भगवान की जयंती: बंटी सिंह



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**

मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मस्थली अयोध्या मे महात्मा गाँधी वार्ड के प्रधानमंत्री आवास मे ठेकेदार बंटी सिंह के सौजन्य से विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी विश्वकर्मा भगवान की जयंती बड़े धूम -धाम से मनाया गया द्य साथ मे देश के यशस्वी मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का भी जन्मदिन होने के वजह से उपस्थित जनसमूह द्वारा हवन पूजन कर यशस्वी मंत्री नरेन्द्र मोदी जी दीर्घायु होने की कामना किया गया द्य भगवान विश्वकर्मा को फूल और भोग अर्पित करने के पश्चात् उपस्थित सभी ठेकेदार और कर्मचारीगणों के साथ सभी को प्रसाद वितरण किया गया द्य उक्त अवसर पर बंटी सिंह, राजन , राकेश , रामलोचन , गुड्डू, ठाकुर , सूरज , रामपाल , मुकेश विवेक , बीरू सिंह, सिद्धार्थ सिंह सहित दर्जनों भक्तगण उपस्थित रहे।

# ईमानदारी की मिसाल बने अरविंद कुमार सोनकर



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आयोजित मंडली प्रतियोगिता के दौरान लखनऊ टीम मैनेजर सुरैय्या बेगम की पुखराज की अंगूठी जिसकी कीमत लगभग 60000 रुपए थी जो कहीं गिर गई। जिसे अरविंद सोनकर को गेट पर पैर के नीचे पड़ने पर मिल गई, जिसे उन्होंने आज जिला खेल सचिव अजय सिंह चंदेल को सौंप दिया जिसकी प्राप्ति की सूचना संबंधित टीम मैनेजर को दी गई। उन्होंने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुक्रिया अदा किया। पेशे से आप इस समय सचिव जुजुत्सु एसोसिएशन रायबरेली है। सभी ने उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की सचिव माध्यमिक शिक्षा रायबरेली ने कहा कि यह अन्य लोगों को प्रेरित करने एवं प्रेरणाप्रदान करने जैसा है। अरविंद सोनकर ईमानदारी की जीती जागती मिसाल है। इस मौके पर मास्टर राकेश कुमार गुप्ता राहुल कुमार पटेल शिवानी शाहू आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

# छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह का सपा कार्यालय पर हुआ जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

समाजवादी पार्टी के छात्र सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह का समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जोरदार स्वागत हुआ, पार्टी नेताओ ने माला पहनाकर नवनियुक्त छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह का स्वागत किया, स्वागत समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव व संचालन जिला महासचिव बख्तीयार खान ने किया मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे थे, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि श्री अखिलेश यादव जी ने हमेशा छात्रों के हित में काम किया छात्रसंघ चुनाव बहाली से लेकर बेरोजगारी भत्ता जैसा काम समाजवादी पार्टी की देन है, आज सभी योजनाएं मौजूदा सरकार ने बंद कर दी है, छात्रसंघ का चुनाव मौजूदा सरकार नहीं कराना चाहती, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा की प्रवीण सिंह के



मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी आने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटे जीतने का काम करेगी, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि प्रवीण सिंह एक संघर्षशील नेता है छात्र आंदोलनों में इनकी हमेशा भागीदारी रहती है इनके मनोनयन से छात्रों में खुशी की लहर है मै राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी का आभार व्यक्त करता हूं। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, अनूप सिंह,जिला महसचिव बख्तियार खान, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम , मिर्जा सादिक हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ मो सुहैल,जिला उपाध्यक्ष जे पी यादव, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, राकेश पांडे, सूरज वर्मा, बब्बन प्रधान, जगन्नाथ यादव, शावेज जाफरी एडवोकेट, राजू यादव,अपर्णा जयसवाल, सरोज यादव, इमरान खान, ईशा कुरैशी, समरजीत सिंह, आयुष्मान सिंह,राजा अंसारी, महमूद खान, अनस खान, अभय द्विवेदी, प्रदीप यादव, अजय यादव, अखिलेश पांडे, मो जैगम,प्रवीण राठौर , इत्यादि लोग मौजूद थे।

## शोहदों से परेशान निजी स्कूल की शिक्षिका, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार जागरूकता व कार्रवाई के बाद भी मनचलों में सुधार नहीं हो रहा है। गौरीगंज थानाक्षेत्र में संचालित एक निजी स्कूल की शिक्षिका शोहदों से परेशान हैं। शिक्षिका ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। गौरीगंज थानाक्षेत्र में संचालित एक निजी स्कूल की शिक्षिका का आरोप है कि लगातार एक बाइक सवार युवक मुंह बांध कर उसे परेशान कर रहा है। घर से लेकर स्कूल जाते व आते समय बाइक सवार उसे भयभीत करते हुए उपहार देने की कोशिश कर रहा है। स्कूटी का नंबर कागज पर लिखकर बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। शिक्षिका की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# जंगली जानवर के हमले में 14 लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले में जंगली जानवरों की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही। फुरसतगंज और अमेठी क्षेत्र के बाद बुधवार की सुबह शाहगढ़ ब्लॉक के अलग-अलग गांवों में जंगली जानवर के हमले में 14 लोग घायल हो गए। इन घायलों का अस्पताल में उपचार करवाया गया। सूचना पर गांव पहुंची वन विभाग की टीम जंगली जानवरों की तलाश कर रही है। शाहगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के सोरांव गांव में बुधवार की सुबह खेत की तरफ निकले बैजनाथ अग्रहरि (75) पर जंगली जानवर ने हमला बोल दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण एकत्र होते जानवर भाग निकला। इसके बाद जंगली जानवर ने कनकसिंहपुर गांव निवासी दिनेश कुमार (28), पनियार चौराहा बरगदिहा गांव निवासी राजकुमार गुप्ता (48), इंद्रपाल यादव (65), जगन्नाथ (70), जया का पुरवा मजरे कोरारी लच्छनशाह निवासी गुड़िया (14), अभय नारायण शर्मा (65), तुलसीपुर गांव निवासी राम सुमेर (54), चेतराम पांडेय का पुरवा निवासी रामबदल यादव व पूरबगांव निवासी माता देई (54), राम अभिलाष के 14 वर्षीय पुत्र रोहित तथा सीता (47) पर हमला कर घायल कर दिया। बुधवार को एक ही गांव के 11 लोगों पर हुए जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण भी सहमे हुए हैं। हालांकि, किस जंगली जानवर ने हमला किया, इस पर ग्रामीण भी अभी कुछ नहीं बता सके।

शाहगढ़ ब्लॉक के मौजी का पुरवा गांव निवासी गंगा पाठक (70) और उनके बेटे सतीश तिवारी को एक सियार ने काटकर घायल कर दिया। हल्ला-गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने सियार को घेरकर मार डाला। परिजनों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाते हुए मामले की सूचना पुलिस व वन विभाग को दी।

# शिक्षण संस्थान अभिलेखों की पत्रावली एक सप्ताह में कार्यालय में कराए उपलब्ध: मोहन त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने कहा है कि निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा पूर्वदशम् छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाए) योजनान्तर्गत मास्टर डाटा में सम्मिलित नवीन शिक्षण संस्थाओ एवं पुरानी शिक्षण संस्थाओं को आनलाइन सत्यापित किये जाने का विकल्प जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा है कि जब तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लॉगिन से शिक्षण संस्थाओं का आनलाइन सत्यापन नहीं होगा तब तक जनपद के अन्य पिछड़े वर्गों के छात्र/छात्राओ द्वारा छात्रवृत्ति रजिस्ट्रेशन प्रकिया में उनके शिक्षण संस्था को चयन किये जाने का विकल्प प्रदर्शित नहीं होगा।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने पूर्वदशम् छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं से कहा है कि अपने शिक्षण संस्थान से सम्बन्धित निम्न अभिलेखो की पत्रावली एक सप्ताह में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, रायबरेली कार्यालय में उपलब्ध कराये। जिससे शिक्षण संस्थानो का सत्यापन कर आनलाइन लॉक किया जा सके।

1- शिक्षण संस्था की मान्यता / सम्बद्धता की प्रति। 2- शिक्षण संस्थान द्वारा लॉक की गयी प्रोफाइल की प्रमाणित प्रति। 3- शिक्षण संस्थान द्वारा सत्यापन कर लॉक किये गये पाठ्यक्रम एवं शुल्क की प्रमाणित प्रति। 4- एफिलियेटिंग एजेन्सी के स्तर से शिक्षण संस्थान के पाठ्यक्रम, सीटो की संख्या एवं पाठ्?यक्रम हेतु निर्धारित शुल्क आदि का सत्यापन कर लॉक किये गये मास्टर डाटा की प्रमाणित प्रति। 5- पाठ्यक्रम हेतु सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क संरचना की प्रमाणित प्रति। 6- संस्था का -ष्ढ्ढस्श्च कोड/ृढ्ढसाश्च कोड की प्रमाणित प्रति। 7- निर्धारित प्रारूप पर रू0 10.00 के स्टैम्प पर शपथ पत्र।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने कहा है कि जब तक शिक्षण संस्थाओ का डाटा आनलाइन लॉक नहीं होगा तब तक सम्बन्धित संस्था के अन्य पिछड़े वर्गों के छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में शिक्षण संस्थान का चयन करने का विकल्प प्रदर्शित नहीं होगा। उक्त योजना शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है. इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता हेतु संस्थाध्यक्ष एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी उत्तरदायी होगे।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम-2024 में पंचायती राज विभाग के कर्मियों ने किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के कर कमरों से पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रमों का भव्य उत्सव लखनऊ में मनाया गया। जिसमें जनपद से जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, खंड प्रेरक तथा सफाई कर्मी द्वारा द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा के तहत मंत्री जी ने निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को जन भागीदारी का कार्यक्रम बनाया जाए और 1 अक्टूबर 2024 तक गांव-गांव में विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट को साफ किया जाए। जिसमें जन भागीदारी महत्वपूर्ण है। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिले में प्रत्येक




विकास खंड में अभियान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सहयोग दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए स्वच्छता जागरूकता रैली निकलवाई जाएगी

जिला पंचायती राज अधिकारी ने बताया है कि पूरे जनपद में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसमें लोगों को स्वच्छता पखवाड़े में श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.6 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.6 (+2.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 61 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक







# गंगा का जलस्तर बढ़ने से ख्योरा कटरी के गांव में बाढ़ का संकट गहराया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से कल्याणपुर विकासखंड के ख्योरा कटरी गांव में बाढ़ का संकट गहराता हुआ नजर आ रहा है। कानपुर में एक बार फिर से गंगा का जलस्तर बढ़ने से हालत बिगड़ने लगे हैं। ख्योरा कटरी की सैकड़ो बीघा फसल पूरी तरीके से गंगा के पानी से जलमग्न हो गई है। गंगा का लगातार बढ़ता जलस्तर एक-एक कर कटरी के सभी गांव को अपनी आगोश में ले रहा है। गंगा के लगातार बढ़ने से कटरी में रहने वाले किसानों को काफी नुकसान हुआ है। सब्जी की फैसले भी बुरी तरीके से प्रभावित हुई है। वही लगातार बढ़ते हुए गंगा के जलस्तर ने ख्यौरा कटरी गांव में रहने वाले ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। अगर गंगा का जलस्तर लगातार बहता रहा तो पलायन के अलावा ग्रामीणों के पास दूसरा कोई रास्ता नहीं है। ख्योरा कटरी के गिल्लीपुरवा, भोपाल पुरवा, भगवानदीन पुरवा, गांव में पहले ही गंगा का पानी घरों तक पहुंच गया है। भगवानदीन पुरवा को जाने वाले मार्ग पर पूरी तरीके से गंगा का पानी भर गया है जिसके वजह से आने जाने वाले ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहले ही हाई अलर्ट जारी कर दिया है। गंगा के बढ़ते जल स्तर को जिला प्रशासन के अधिकारी 24 घंटे निगरानी रख रहे हैं।

**गंगा बैराज पर गंगा का जलस्तर शाम के वक्त इस प्रकार है**

- अपस्ट्रीम 114.470
- डाउनस्ट्रीम 114.220
- डिस्चार्ज 3,89,415 क्यूसेक
- शुक्लागंज 112.930
- नरोरा से छोड़ा गया पानी 1,07,417
- हरिद्वार से 75,189 क्यूसेक पानी छोड़ा गया
- वही सुबह के वक्त नरौरा बांध से 1,15,180 और हरिद्वार से 75,054 छोड़ गया था।

### अपस्ट्रीम चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचा गंगा का जलस्तर

गंगा बैराज में गंगा का जलस्तर अपस्ट्रीम में चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच गया है। बीते दिन गुरुवार की सुबह से शाम तक गंगा के जलस्तर में 10 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। यहां पर जल स्तर 114.2 मी दोपहर 12:00 बजे तक रिकॉर्ड किया गया। जबकि 16 सितंबर को 113. 46 मीटर पर जल स्तर बना हुआ था। गंगा नदी के अलावा सहायक नदियों जैसे पांडु नदी का भी जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। पानी बढ़ने से यहां आस-पास की बस्तियों में पानी घुसने लगा है। वही पानी बढ़ने से लोग अब घरों को छोड़ने लगे हैं।

### जिला प्रशासन के आदेश पर गंगा बैराज से खोले गए 30 गेट

गंगा के लगातार बढ़ते जल स्तर को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से गंगा बैराज के सारे गेट खोले जाने के निर्देश जारी किए गए थे। जिसकी वजह से गंगा बैराज के 30 गेट पूरी तरीके से खुले हुए हैं। गुरुवार के दोपहर गंगा बैराज से 3,53,274 लाख क्यूसेक से पानी डिस्चार्ज किया गया।

### मैनावती मार्ग आशाराम बापू आश्रम में भी पहुंचा बाढ़ का पानी

मैनावती मार्ग पर स्थित आसाराम बापू आश्रम के भीतर भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। यह पानी आसाराम बापू आश्रम के गेट के अलावा सड़क पर भी बहता हुआ देखा जा सकता है। आश्रम के अलावा आसपास के गांव के घरों में भी बाढ़ का पानी पहुंचने लगा है। जिसकी वजह से वहां पर रहने वाले लोगों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।







### ख्योरा कटरी के पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कुमार निषाद बोल जिला प्रशासन बाढ़ से निपटने के लिए मुस्तैद

ख्योरा कटरी गांव के पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कुमार निषाद ने बताया कि इससे पूर्व सन 2010, 11, 18, 2020 में भी बाढ़ ने कटरी के गांव को प्रभावित किया था। लेकिन सबसे ज्यादा तबाही 2010 की बाढ़ में आई थी। इस बाढ़ में गांव में रहने वाले ग्रामीणों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ था। हजारों पीछे फसल पूरी तरीके से बर्बाद हो गई थी। कटरी के ग्रामीणों को हर 4 वर्ष में बाढ़ का संकट झेलना पड़ता है। इस वर्ष भी गंगा के जलस्तर के बढ़ने से कटरी में रहने वाले किसानों की सब्जी की फसल पूरी तरीके से बर्बाद हो गई है। किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। बुधवार को एसडीएम साहब ने क्षेत्र का मुआयना किया था।



## परियर के एक दर्जन गांवों के घरों तक पहुंचा गंगा का पानी



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



गंगा नदी का जल स्तर कई दिनों से लगातार बढ रहा है।जिससे अब पानी क्षेत्र के एक दर्जन गांवों के घरों के पास पहुंच गया है।जिससे गांवों के लोगो मे बाढ़ का खतरा बन गया है। बाढ़ से ग्रामीणों की तैयार फसल भी बर्बाद हो गई है।गांव के लोग व राजस्व उप निरीक्षक लगातार गंगा नदी के जल स्तर पर नजर रखे हुए हैं। सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जल स्तर बढ़ने से अब पानी मानाबंगला, देविपुरवा, बंदनपुरवा, लाल्टूपुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंदपुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा, सहित एक दर्जन गांवों के घरों के पास पहुंच गया है। लोग बाढ़ की असंका को लेकर चिंतित है।ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ से खेतो में तैयार लौकी,कद्दू,तरोई, टिंडा,सेमी,करेला धान आदि की फसल बर्बाद हो रही है। क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक दीपचंद,प्रदीप कमल ने बाबू बंगला व पनपथा गांव जाने के रास्ते में पानी भर जाने से आवागमन के लिए चार नाव लगा दी है। परियर में बाढ़ केंद्र खोल दिया गया है।

## कालिंदी एक्सप्रेस हादसा: पुराने को छोड़ा, आठ नए लोग उठाए गए, जांच कर रही पुलिस व एजेंसियों के हाथ अब तक खाली

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

साबरमती और कालिंदी एक्सप्रेस प्रकरण की जांच पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों के हाथ अभी खाली है। कालिंदी मामले में पुलिस ने पूछताछ के बाद करीब 14 लोगों को छोड़ दिया। शक के आधार पर आठ से ज्यादा नए लोगों को उठाया है। पुलिस एक और संदिग्ध को तलाश रही है। जांच एजेंसियों को शक है कि साजिश करने वालों को फंडिंग ऐसे ही किसी व्यक्ति की है, जिसका आपराधिक रिकार्ड नहीं है। आठ अगस्त की रात करीब साढ़े आठ बजे बर्राजपुर स्टेशन से आगे ट्रैक पर भरा हुआ एलपीजी सिलिंडर रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को बेपटरी करने की नाकाम कोशिश की गई थी। वहां पर पेट्रोल बम और बारूद जैसा पाउडर मिला है। अफसरों का मानना था कि ट्रेन को बेपटरी करके जनहानि करने की साजिश थी। पुलिस, एटीएस और एनआइए, आईबी मामले की जांच कर रही हैं। शक के आधार पर क्षेत्र में रहने वाले एक हिस्ट्रीशीटर को घटनास्थल के आसपास मिली लोकेशन के आधार पर उठा कर पूछताछ की गई थी। पुलिस के साथ ही एटीएस ने भी उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जांच चलने तक शहर के बाहर न जाने चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। सूत्रों का कहना है कि हिस्ट्रीशीटर की गतिविधियों और उसके करीबियों की जांच हो रही है। साथ ही उसकी कॉल डिटेल की पड़ताल भी की जा रही है। हिस्ट्रीशीटर छह माह पहले पश्चिम बंगाल में करीब आठ महीने तक रहा। उस पर कानपुर के साथ ही आगरा, कन्नौज, फतेहपुर और इटावा में आपराधिक गतिविधियों के कई मामले दर्ज हैं।

## कानपुर है स्मार्ट सिटी या गड्ढा सिटी समझना मुश्किल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर नगर। एक तरफ जहां भारत चांद पर 2040 की जाने की तैयारी कर रहा है, वही दूसरी ओर जिला प्रशासन कानपुर को स्मार्ट सिटी घोषित कर चुका है। कानपुर नगर की अधिकांश सड़को में गढ्ढे ही गढ्ढे हो गए है, साइकिल व दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में मुफ्त में घुड़सवारी का मजा लेते हैं। और कई गड्ढों में गिर कर चुटहिल हो जाते है, सड़को पर सरकार करोड़ों रुपए खर्च करती है किंतु एक दो दिन की बरसात में सड़कों में इस्तमाल घटिया मैटेरियल और कमीशन खोरी का खुलासा हो जाता है। गोपाला टॉवर एम ब्लॉक काकादेव से लेकर नमक फैक्ट्री चौराहे तक राहगीरों का वाहनों से निकलना तो दूर पैदल चलना भी दुभर है। कब आप गिर कर जख्मी अथवा स्वर्गवासी हो जाए, इसी रूट पर आगे शनेश्वर मंदिर से पनकी रोड आवास विकास कल्याणपुर के निर्माण को मात्र 2 वर्ष ही बने हुए होगे वह सड़क भी अब जगह जगह अपना मुंह खोलने लगी है, सड़क पर गढ्ढे ही गड्ढे हो गए है और बजरी भी उखड़ कर फैलती जा रही है जिस से कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, यह सड़क जनता की गाढ़ी कमाई टैक्स के साढ़े चार करोड़ रुपयों की लागत से बनाई गई थी और इस में अभी ग्रीन बेल्ट के निर्माण का कार्य भी अधूरा है यह लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व आनन फानन जगह जगह पर पैच वर्क कर सही कराई गई थी, प्रशासन कानपुर को स्मार्ट सिटी क्या चांद की तरह बनाना चाहता है? जहा गढ्ढे ही गढ्ढे है। सड़क की एक्सपायरी डेट क्यो नही ? इस सड़क को रोज़ाना क्षेत्रीय सांसद और विधायक भी इस्तेमाल करते हैं जो इनका ही लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र है।

## गोविंद नगर विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 37 बस्तियों के विकास के लिए सौंपा महत्वपूर्ण अनुरोध पत्र



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने लखनऊ में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके निवास 05 कालिदास मार्ग लखनऊ में मुलाकात करके, एक महत्वपूर्ण माँग पत्र सौंपा। उनसे भेंट वार्ता में,अपने माँग पत्र के माध्यम से,विधायक ने,अपनी गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र की 37 मलिन बस्तियों में सीवर, पेयजल, सड़क, नाली, और खड़ंजा जैसी बुनियादी सुविधाओं को, और भी अधिक विस्तार देते हुए, तत्काल उपलब्धता का आग्रह किया। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि इन बस्तियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के लाखों गरीब परिवार रहते हैं, जिनमें थारू, दबगर, और मुसहर जैसी आदिवासी जनजातियां भी शामिल हैं। मुसहर जनजाति, जिसे कभी चूहे खाने वाली जनजाति के रूप में जाना जाता था, और उन मुसहर जनजाति के 5000 से भी अधिक लोग, इन गरीब बस्तियों में निवास करते हैं। विधायक जी ने कहा कि आपके आशीर्वाद से इन बस्तियों का सर्वांगीण विकास कर, इन्हें आदर्श बस्तियों के रूप में बदला जा सकता है।जिससे गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र को एक आदर्श मॉडल विधानसभा के रूप में प्रस्तुत करने का,मेरा सपना,आपकी कृपा से, साकार होगा। वैसे भी आप लगातार, गरीबों के हितों में जनकल्याण नित्य बनाकर और उसका इंप्लीमेंट करते हैं, तथा शोषित पीड़ित वंचित वर्ग के बीच में, जातियों और धर्म से ऊपर उठकर, अपनी सरकार को सभी जरूरतमंद आम जनता को समर्पित करते हैं।इसलिए आपसे,मेरी यह उम्मीद, गरीब जनता के लिए, मुझे जायज प्रतीत होती है और मैं आपसे इनके उत्थान का आग्रह कर रहा हूं। विधायक मैथानी ने मुख्यमंत्री के गरीबों और वंचित वर्ग के प्रति संवेदनशील और सहृदय स्वभाव की सराहना करते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और गरीब-कल्याणकारी नीतियों के चलते प्रदेश में वंचितों का जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से गोविंद नगर क्षेत्र की इन बस्तियों में शीघ्र विकास कार्य शुरू करने की अपील की, ताकि वहां की जनता को बेहतर जीवन की सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने विधायक जी को सकारात्मक आश्वासन दिया।

## एक करोड़ से ऊपर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर नगर। बीते दिन गरुवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जनपद में चल रहें एक करोड़ से ऊपर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जनपद में स्पेशल टास्क फोर्स कार्यालय भवन का निर्माण ,अग्निशमन केंद्र, पनकी के प्रशासनिक भवन, हृदय रोग संस्थान में जी+3 भवन का निर्माण, आई0टी0आई0 कल्याणपुर एवं पांडु नगर में निर्माणाधीन आई0टी0 लैब, 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय, मौरंग मंडी आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।
समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपर्युक्त योजनाओं से संबंधित उपस्थित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की समस्त कार्यदायी संस्थाओं की प्रगति अत्यंत खराब है इन सभी संस्थाओं की बारी बारी से इनके समस्त कार्यो की रोज़ाना समीक्षा की जाए।उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की 2 परियोजना सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बरीपाल एवं बिठुर का अलग से निरीक्षण कराये। सभी कार्येदायी संस्थाओं को ये निर्देश दिया गया कि उनकी जो भी परियोजना लंबे समय से धन अभाव या जिसमें धन मिलने की कोई संभावना नहीं है लेकिन पोर्टल पर लंबित दिख रही है उन्हें डिलीट कराये बाद मी धन मिलने के बाद उसको पोर्टल पर अपलोड करे। ?जिन कार्येदायी संस्थाओं ने सीएमआईएस पोर्टल पर अपनी परियोजना अपडेट नहीं करी है उन सभी का स्पष्टीकरण माँगा गया है। राज्य विद्युत उत्पादन निगम , उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण , एसटीपीआई द्वारा बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुस्पथित रहने के कारण तीनों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिए गए। जनपद में निर्माणाधीन योजनाएं जिनमें 100 त्र धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है किंतु कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की प्रगति धीमी गति से किया जा रहा है ऐसी समस्त कार्यदायी संस्थाओं का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिए।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में संचालित ऐसे परियोजनाएं जो धन आभाव के कारण रुकी हुई है उसके संबंध में शासन को पत्र भेजा जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन ,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ईशा शर्मा , डी सी मनरेगा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड एवं डी0 सी0 मनरेगा समेत अन्य समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिला मित्र से दोस्ती बनी मुसीबत, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर दो लाख ऐंठे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चकेरी के दहेली सुजानपुर निवासी एक युवक ने महिला मित्र पर साथियों के साथ मिलकर उससे दो लाख रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। युवक का कहना है कि इसके बाद भी वह झूठा मुकदमा कराने की धमकी देकर एक लाख रुपये की रंगदारी मांग रही है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से हमीरपुर के जमुना घाट कजियाना निवासी विजेंद्र उर्फ मनीष दहेली सुजानपुर में किराये पर रहते हैं। वह इलेक्ट्रानिक सामान की सप्लाई का काम करते हैं। कुछ साल पहले उनकी मुलाकात एक मीटिंग में सतबरी रोड निवासी शिखा निषाद से हुई थी। दोनों की फोन पर बातचीत होने लगी। फिर दोस्ती बढ़ी तो शिखा ने विजेंद्र से छह हजार रुपये उधार मांगे। फिर वर्ष 2021 में उसने बहन की शादी की बात कहकर रुपये ऐंठे। इसी तरह से शिखा ने उनसे कई बार में बहाने बनाकर करीब एक लाख रुपये ले लिए। फिर अक्तूबर 2023 में शिखा ने कोर्ट के माध्यम से उनके खिलाफ शिकायत की और समझौता करने के नाम पर एक लाख रुपये और ले लिए। इसके बाद आरोपी शिखा और उसके पिता दीप नारायण निषाद आदि अलग-अलग नंबरों से फोन कर एक लाख की रंगदारी मांग रहे हैं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे महिला अपराध

**उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक 17 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार और हत्या की घटना सामने आई। उत्तर प्रदेश के ही हाथरस जिले में एक 19 वर्षीय दलित लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और अत्यंत बर्बरता की गई। पीड़िता की मृत्यु के बाद, उसके शव को परिवार की अनुमति के बिना रात के समय दफनाया गया। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई। पीड़िता की शिकायत के बावजूद, पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए।**

*देश के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यवहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए। अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024% शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। यह बिल पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा, उनसे पास होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए जाएगा। इससे पहले 2019 में आंध्र प्रदेश दिशा विधेयक और 2020 में महाराष्ट्र शक्ति विधेयक विधानसभा से पारित हुआ था। इन दोनों विधेयकों में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के सभी तरह के मामलों में अनिवार्य फांसी का प्रावधान किया गया था। इन दोनों विधेयकों को राज्य विधानसभाओं ने सर्वसम्मति से पारित किया था। लेकिन दोनों विधेयकों अभी तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ 2012 के पोक्सो अधिनियम के कुछ हिस्सों में संशोधन करने और पीड़िता की उम्र चाहे जो हो, कई तरह के यौन उत्पीड़न के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान है। इस बिल में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध के लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। बीते महीने लागू हुए बीएनएस की धारा-64 में बलात्कार के लिए 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। वहीं बीएनएस की धारा-66 में बलात्कार और हत्या और ऐसे बलात्कार, जिनमें पीड़ित निष्क्रिय हो जाती है, उनमें मौत की सजा का प्रावधान है। इसमें 20 साल की जेल की या उम्र कैद की सजा का भी प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि निर्भया कांड के बाद कानून को बहुत सख्त कर दिया गया था। रेप की परिभाषा भी बदल दी थी, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी लाई जा सके। पहले जबरदस्ती या असहमति से बनाए गए संबंधों को ही रेप के दायरे में लाया जाता था। लेकिन इसके बाद 2013 में कानून में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ाया गया। इतना ही नहीं, जुवेनाइल कानून में संशोधन किया गया था। इसके बाद अगर कोई 16 साल और 18 साल से कम उम्र का कोई किशोर जघन्य अपराध करता है तो उसके साथ वयस्क की तरह ही बर्ताव किया जाएगा। हालांकि, इन सबके बावजूद सुधार नहीं हुआ है। निर्भया कांड (2012) के बाद भारत में कई चर्चित बलात्कार की घटनाएं हुई हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**दूसरी ओर राज्यीय स्तर पर भी इसकी समीक्षा की जाए तो हिंदू जो राष्ट्रव्यापी आंकड़ों के अनुसार एक बहुसंख्यक समुदाय है, पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों और जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यक है। लक्षद्वीप में 96.20प्रतिशत और जम्मू-कश्मीर में 68.30प्रतिशत मुसलमान हैं, जबकि असम (34.20प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (27.5प्रतिशत), केरल (26.60प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (19.30प्रतिशत) और बिहार (18प्रतिशत) में भी इनकी अच्छी-खासी जनसंख्या है फिर भी इन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा मिला हुआ है और वे इसका लाभ ले रहे हैं। दूसरी ओर वे समुदाय, जो वास्तविक रूप से अल्पसंख्यक हैं, राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त न होने के कारण लाभ से वंचित हैं।**

# सुप्रीम कोर्ट में ड्रेस कोड चाहिए पर स्कूल में...!



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**विडम्बना देखिए, लक्षद्वीप में मात्र दो प्रतिशत हिंदू हैं लेकिन वे वहाँ अल्पसंख्यक न होकर बहुसंख्यक हैं और 96 प्रतिशत प्रतिशत आबादी वाले मुसलमान अल्पसंख्यक हैं। ईसाई मिजोरम, मेघालय, नगालैंड में बहुसंख्यक हैं अरुणाचल प्रदेश, गोवा, केरल, मणिपुर, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल मे भी इनकी संख्या अच्छी है।**

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में देशभर के वकीलों के लिए गर्मी के मौसम में ड्रेस कोड में ढील देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में सुझाव दिया गया था कि वकील गर्मी के कारण पारंपरिक गाउन पहनने में असुविधा महसूस कर रहे हैं, किंतु सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने जब इस याचिका को सुना तब साफ कह दिया कि पेशेवर शिष्टाचार बनाए रखना आवश्यक है। अलग-अलग स्थानों पर जलवायु के अनुसार वकीलों को पेशेवर रूप से व्यवहार करना चाहिए। वकील कुर्ता-पायजामा या शॉर्ट्स-टी-शर्ट पहन कर बहस नहीं कर सकते। वकीलों को यह समझना चाहिए कि उनकी वेशभूषा उनके पेशेवर आचरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका मतलब यह है कि अदालतें वकीलों के लिए निश्चित स्तर की पेशेवरता की अपेक्षा करती हैं, जिससे अदालत की गरिमा बनी रहे। आप कह सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि वकीलों के लिए पेशेवरता और गरिमा का पालन आवश्यक है। यह न केवल उनके व्यक्तिगत चित्रण को दर्शाता है, बल्कि यह अदालत की छवि और उसकी गंभीरता को भी बनाए रखता है। अब उच्चतम न्यायालय के आए इस निर्णय की तुलना कोर्ट के पिछले माह दिए गए निर्णय से करते हैं, बात वहां भी ड्रेस कोड की ही थी, किंतु यही माननीय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के निर्णय ने जैसे एक समाज को ही कटघरे में खड़ा कर दिया था। कहना होगा कि नौ अगस्त को आए एक निर्णय में आज फिर से एक बार उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर विचार करने के लिए विवश कर दिया है। पूरी कहानी कुछ यूं है कि मुंबई के एन. जी. आचार्य और डी. के. मराठे कॉलेज ने कैंपस में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल और टोपी पहनने पर बैन लगाया था। इस निर्णय के विरोध में नौ लड़कियां बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंची। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश में कॉलेज सर्कुलर लागू करने पर 18 नवंबर तक रोक लगा दी। यहां जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ का कहना रहा, स्टूडेंट्स को क्या पहनना या क्या नहीं पहनना है, यह वही तय करेंगे। एजुकेशनल इंस्टीट्यूट स्टूडेंट्स पर अपनी पसंद नहीं थोप सकते। पीठ ने मुस्लिम छात्रों के लिए 'ड्रेस कोड' को लेकर जन्में नए विवाद के केंद्र में आए



**संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के अनुसार, 'ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा।' किंतु क्या यह परिभाषा भारत में रह रहे मुसलमानों पर लागू होती है।**

कॉलेज प्रशासन से कहा, ''छात्राओं को यह चयन करने की आजादी होनी चाहिए कि वे क्या पहनें और कॉलेज उन पर दबाव नहीं डाल सकताः यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलता है कि देश में कई धर्म हैं।'' अगर कॉलेज का इरादा छात्राओं की धार्मिक आस्था के प्रदर्शन पर रोक लगाना था, तो उसने 'तिलक' और 'बिंदी' पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया अब जरा उस सर्कुलर को भी देख लेते हैं, जो कॉलेज की ओर से जारी किया गया था, वस्तुतः इसमें तीन बिन्दुओं में बात रखी गई है- ''एक - छात्रों को परिसर में औपचारिक और सभ्य पोशाक पहननी चाहिए। वे हाफ शर्ट या फुल शर्ट और ट्राउजर पहन सकते हैं। लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहन सकती हैं। छात्रों को ऐसा कोई भी परिधान नहीं पहनना चाहिए जो धर्म या सांस्कृतिक असमानता को दर्शाता हो। नकाब, हिजाब, बुर्का, स्टोल, टोपी, बैज आदि को ग्राउंड फ्लोर पर कॉमन रूम में जाकर उतारना होगा और उसके बाद ही वे पूरे कॉलेज परिसर में घूम सकते हैं। जींस, टी-शर्ट, रिवीलिंग ड्रेस और जर्सी की अनुमति नहीं है। दो- अपने व्याख्यान/ प्रैक्टिकल के लिए समय से पहले पहुंचें। तीन- 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। शिक्षा में अनुशासन सफलता की कुंजी है।'' यहां गहराई से देखने पर कहीं प्रतीत नहीं हो रहा है कि एक विशेष समुदाय को टॉर्गेट करके यह आदेश महाविद्यालयों ने निकाला था। हालांकि हम मानकर चलते हैं कि जिस 'बिंदी' का न्यायालय हवाला दे रहा था, उसके बारे में न्यायालय को भलीभांति पता ही होगा कि सिर्फ हिन्दू युवतियां ही 'बिंदी' नहीं लगातीं, उसे तो अन्य तमाम मत, पंथों, रिलीजन, मजहब को माननेवाली महिलाएं भी लगाती हैं। यानी बिंदी की सार्वजनिक स्वीकृति है। तिलक भी बिंदी की तरह ही एक भाग है, फिर कोर्ट को यह भी पता ही है कि सिख पगड़ी पहनते हैं, उन्हें ये अधिकार सार्वजनिक रूप से हर जगह सामाजिक स्वीकृति के तहत पूरी तरह से मान्य किया गया है। फिर यह स्वीकार्यता इसलिए भी है क्योंकि भारत की सिख आबादी 20.8 मिलियन है, जो देश की कुल संख्या का केवल 1.72त्न है। इसका अर्थ है कि एक कक्षा में एक छात्र या अधिकतम दो ही मुश्किल से सिख होंगे, किंतु क्या यह मुसलमानों पर लागू होता है। वह तो देश की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, 30, 350ए तथा 350बी में 'अल्पसंख्यक' शब्द का प्रयोग किया गया है लेकिन इसकी परिभाषा कहीं नहीं दी गई है। यह विडंबनापूर्ण स्थिति है कि कहीं पर कोई समुदाय जो 96, 98 प्रतिशत है वह अल्पसंख्यक है और वहीं, किसी राज्य में 2 प्रतिशत आबादी वाले लोग बहुसंख्यक हैं और अल्पसंख्यक को मिलने वाले लाभ से वंचित हैं। संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के अनुसार, 'ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा।' किंतु क्या यह परिभाषा भारत में रह रहे मुसलमानों पर लागू होती है अल्पसंख्यक की अब तक कि परिभाषाएं उठाकर देखें, इनमें साफ है कि दो प्रतिशत या अधिकतम 10 प्रतिशत से कम कुल जनसंख्या का अल्पसंख्यक समुदाय कहलाएगा, पर भारत में मुसलमान जैसा कि वे स्वयं कहते हैं कि 20 करोड़ से अधिक हैं, जोकि स्वभाविक तौर पर कुल जनसंख्या का 14 प्रतिशत या इससे कुछ अधिक हो जाता है।


## एक्सप्रेस कविता

*शब्द भी सीधे सपाट बढ़ते जाते हैं रुकते नहीं, नदिया भी निर्झरिणी की तरह बलखाती, लहराती, खिलखिलाती बहती है, रुकती नहीं निर्बाध,बहती जाती है समंदर में समूचा विलीन होने तक, कविता भी पल्लवित पुष्पित होती जाती है खंडकाव्य होने तक पल प्रति पल की कविता या कविता का प्रति पल भी इसी तरह होते हैं मेरे घर की सीढ़ीयाँ भी ऊपर की जाती है नीचे क्यों कर नहीं आती, शब्द भी इसी तरह अंतरिक्ष में चले जाते लौटकर नहीं आते-जाते हैं कविता, दोहा, चौपाई और छंद बनकर, कविता का आज, आज की कविता भी इसी तरह की होती है, ऊपर जाती है सीढ़ियां संदेश बनकर फिर लौटकर कोई नहीं आती कोई न कविता न सीढ़ियां, बस चलती जाती है बहती जाती है मेरे विचारों की तरह।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सफल और असफल लोग अपनी क्षमताओं में बहुत भिन्न नहीं होते हैं वे अपनी क्षमता तक पहुँचने के लिए अपनी इच्छाओं में भिन्न होते हैं*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 21:18 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 26:43 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | ध्रुव, 15:17 |
| सूर्योदयः | 06:12 |
| सूर्यास्तः | 18:15 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 10:43-12:14 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50-12:38 |

# जन एक्सप्रेस

### पल पल है प्रहार !

*जोर शोर से सबका ।*
*चल रहा प्रचार ।।*
*जी जान लगा कर ।*
*पल पल है प्रहार ।।*
*हैं हम ही बस आपके ।*
*रहे इतना ध्यान ।।*
*बैठे यदि हम कुर्सी ।*
*फिर आपका सम्मान ।।*
*देकर हमको आशीर्वाद ।*
*राह नई बनाएं ।।*
*खो रहे हम धैर्य ।*
*और नहीं तड़पाएं ।।*
*आने से हमारे ही ।*
*हो सकता सुधार ।।*
*मिली अगर हमें सत्ता ।*
*फिर वो यादगार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पेट के अलग-अलग हिस्सों में होने वाला दर्द कई बीमारियों की ओर करता है इशारा

जब छोटी थी, तो समझ ही नहीं आता था कि पेट में दर्द आखिर क्यों हो रहा है। डॉक्टर बस यह पूछते थे कि पेट दर्द किस जगह हो रहा है और उस आधार पर झट से बता देते थे कि यह संभव कारण हो सकता है। पेट दर्द किस जगह हो रहा है, इसके आधार पर बीमारी का संकेत मिल जाता है। पेट दर्द एक सामान्य समस्या है, लेकिन इसका कारण केवल एक नहीं होता। पेट के अलग-अलग हिस्सों में दर्द विभिन्न बीमारियों और स्थितियों का संकेत हो सकता है। शरीर के इस क्षेत्र में कई अन्य अहम अंग होते हैं और दर्द का स्थान इस बात का संकेत दे सकता है कि किस अंग या प्रणाली में समस्या हो रही है।

**पेट के अलग-अलग हिस्सों में होने वाला दर्द और उसके कारण**

पेट में दर्द एक आम समस्या है, लेकिन इसके पीछे कई बीमारियां छुपी हो सकती हैं। अगर समय रहते पेट दर्द का कारण पता चल जाए, तो कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है-

**पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में दर्द**

पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में दर्द अक्सर लिवर, गॉलब्लैडर या पेट के नजदीकी अंगों से जुड़ा हो सकता है। गॉलब्लैडर में स्टोन होने पर तेज दर्द होता है। गॉलब्लैडर का दर्द दाएं कंधे या



पीठ पर भी हो सकता है। हेपेटाइटिस या लिवर में सूजन के कारण भी दर्द हो सकता है। पेप्टिक अल्सर के कारण भी इस हिस्से में दर्द हो सकता है।

**पेट के ऊपरी बाएं हिस्से में दर्द**

जीईआईडी, पेप्टिक अल्सर, तिल्ली की बीमारी आदि के कारण पेट के ऊपरी बाएं ओर दर्द हो सकता है। पेट की परत में सूजन या इंफेक्शन के कारण भी पेट के ऊपरी बाएं हिस्से में दर्द हो सकता है। इस बीमारी को गैस्ट्राइटिस कहते हैं। इसके अलावा पैंक्रियाज में सूजन या पैंक्रियाटाइटिस के कारण भी पेट के ऊपरी बाएं हिस्से में दर्द हो सकता हे।

**पेट के बीच वाले हिस्से में दर्द**

पाचन तंत्र और पेट से संबंधित समस्या होने पर पेट के बीच में दर्द होता है। आंतों से जुड़ी समस्या के कारण भी पेट के बीच वाले हिस्से में दर्द होता है। पेट की मुख्य धमनी में सूजन से भी पेट के बीच में दर्द हो सकता है।

**पेट के निचले बाएं हिस्से में दर्द**

किडनी इंफेक्शन, किडनी स्टोन, ओवेरियन सिस्ट, हर्निया जैसे रोग होने पर इस जगह दर्द होता है। इस क्षेत्र में दर्द अक्सर बड़ी आंत से संबंधित होता है। बड़ी आंत में संक्रमण या सूजन से दर्द होता है। गर्भाशय से जुड़ी समस्याएं, जैसे कि सिस्ट या एंडोमेट्रियोसिस, इस हिस्से में दर्द का कारण बन सकती हैं।

**पेट के निचले दाएं हिस्से में दर्द:** पेट के निचले दाहिने हिस्से में दर्द अक्सर अपेंडिक्स से जुड़ा होता है। अपेंडिसाइटिस के अलावा ओवेरियन सिस्ट, हर्निया, इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम या एंडोमेट्रियोसिस जैसे कारण भी हो सकते हैं।

**पेट के दाएं या बाएं ओर दर्द:** पेट के दाएं या बाएं ओर होने वाला दर्द किडनी स्टोन के कारण हो सकता है। जब अपेंडिक्स में सूजन होती है, तो प्रारंभिक दर्द नाभि के पास महसूस होता है और धीरे-धीरे पेट के निचले दाएं हिस्से में होने लगता है। छोटी आंत की रुकावट के कारण भी नाभि के आसपास दर्द हो सकता है। पेट दर्द की असली वजह आपको डॉक्टर ही बता सकते हैं। इस लेख की मदद से अपने लक्षणों की पहचान करें और डॉक्टर की सलाह पर दर्द के पीछे छुपी बीमारी का पता लगाएं।

## एक्सप्रेस विशेष

# कांग्रेस की भयंकर भूलों को मोदी के सिर मढ़ने में जुटे राहुल



विकास सक्सेना

**इस बात का राहुल गांधी और उनके रणनीतिकारों को आभास है। उनकी दादी इंदिरा गांधी ने 1975 में तानाशाही का परिचय देते हुए देश में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में ठूंस दिया था। समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू कर दी गई थी।**

**हमारे देश की सेनाएं उससे अधिक ताकतबर और मजबूत स्थिति में थीं। इसी तरह चीन ने भी पंडित नेहरू के समय में ही हमारे 38हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। इसको लेकर कांग्रेस और नेहरू जी की आज भी तीखी आलोचना होती है। इसी तरह का पाप मोदी सरकार पर मढ़ने के लिए राहुल गांधी ने कहना शुरू कर दिया कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है।**

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी अमरीका यात्रा के दौरान सिखों के साथ धार्मिक भेदभाव के निराधार आरोप लगाए हैं। इस तरह के बयान अलगाववाद को हवा देकर देश की एकता व अखण्डता के लिए घातक साबित हो सकते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि तमाम प्रयासों के बावजूद आम मतदाताओं को लुभा पाने में नाकाम राहुल गांधी ने विभाजनकारी एजेण्डे पर आगे बढ़ने का मन बना लिया है। इतना ही नहीं, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने अनेक जघन्य आपराधिक भूलें की हैं। इन पर सवाल पूछे जाने पर कांग्रेस नेताओं के पास कोई तार्किक जवाब नहीं होता है। इसलिए इन सवालों के जवाब में राहुल गांधी ने कुछ वैसे ही आरोप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार पर मढ़ना शुरू कर दिए ताकि भाजपा को कांग्रेस के जैसा साबित किया जा सके। अमरीका यात्रा के दौरान उनकी सिखों को पगड़ी पहनने पर रोक जैसी अनर्गल बातें इसी श्रृंखला की कड़ी नजर आती है। लोकसभा चुनाव 2014 में नरेन्द्र मोदी और दूसरे भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर तीखे हमले किए थे। भ्रष्टाचार, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और शांतिपूर्ण आंदोलनों को तानाशाही पूर्वक कुचलने के गंभीर आरोपों से घिरी कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों का बचाव कर पाने में पार्टी नेताओं को भारी मुश्किल हो रही थी। ऐसे में देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को मजबूत विकल्प मानते हुए भारी बहुमत से विजयी बनाया। इन चुनावों में कांग्रेस अपना नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक भी सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन कांग्रेसियों को भरोसा था कि पांच साल बाद सत्ता विरोधी लहर के प्रभाव में देश की जनता का नरेन्द्र मोदी और भाजपा से मोहभंग हो जाएगा और वे कांग्रेस को देश की सत्ता सौंप देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में मानस तैयार करने के लिए राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है- का अपमानजनक नारा गढ़ा था। उन्होंने राफेल सौदे में अधिक कीमत में विमान खरीदने और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप नरेन्द्र मोदी पर लगाए थे। राहुल गांधी को पता है कि रक्षा खरीद में घोटाले को देश की जनता स्वीकार नहीं करती है। बोफोर्स तोप की खरीद में हुए घोटाले के आरोपों के कारण ही उनके पिता राजीव गांधी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। इतना ही नहीं उनके पिता के नाना और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय में हुए जीप खरीद घोटाले को लेकर आज तक उनकी आलोचना की जाती है। इसके अलावा अगस्ता वेस्टलैण्ड हेलीकॉप्टर खरीद के मामले में खुद राहुल गांधी के परिवार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव 2019 में देश की जनता ने राफेल खरीद में घोटाले के आरोपों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया और एक बार फिर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहले की अपेक्षा मजबूत सरकार बन गई। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को पिछले चुनाव से ज्यादा बड़ी सफलता मिलने और एक बार फिर अपना नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक लोकसभा सीटें जीतने में नाकाम कांग्रेस के नेता भारी निराशा में डूब गए। इन चुनावों में मिली हार के बाद राहुल गांधी ने मोदी पर फिर से पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए। इसके अलावा उन्होंने अडाणी को लाभ पहुंचाने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम का निवेश उनकी कम्पनियों में कराने का आरोप भी लगाया। ये आरोप नेहरू सरकार में हुए मूंदड़ा घोटाले जैसे ही थे। इस मामले को राहुल गांधी के दादा फिरोज गांधी ने अपने ससुर पंडित नेहरू की सरकार के विरोध में तीखे तरीके से उठाया था। उद्योगपति माधव प्रसाद बिड़ला के करीबी रिश्तेदार हरिदास मूदड़ा ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और अधिकारियों को प्रभाव में लेकर छह कम्पनियों के एक करोड़ 26 लाख रूपये से अधिक के शेयर एलआईसी को बेच दिए थे लेकिन ये शेयर पहले ही कहीं और गिरवी रखे हुए थे। ये घोटाला इसलिए संभव हो सका क्योंकि उस समय शेयरों का लेनदेन ऑनलाइन न होकर भौतिक होता था। इस मामले में हरिदास मूंदड़ा को 22 साल कैद की सजा हुई और तत्कालीन वित मंत्री टीटी कृष्णामाचारी, वित सचिव एचएम पटेल और एलआईसी के चेयरमैन जीआर कामथ को अपने पद से हटना पड़ा। एलआईसी में आम लोगों का निवेश होता है और अगर एलआईसी को आर्थिक क्षति पहुंचती है तो इसका सीधे तौर पर देश की गरीब जनता को नुकसान उठाना पड़ेगा इसीलिए राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडाणी की कम्पनी में एलआईसी के निवेश का मुद्दा काफी जोर शोर से उठाया। देश की सीमाओं की सुरक्षा हर नागरिक के लिए अत्यंत संवेदनशील विषय है। हमारी जमीन पर कोई दूसरा देश कब्जा कर ले इसे कोई भी राष्ट्रभक्त स्वीकार नहीं कर सकता।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल,लखीमपुर ने भी हर्षोल्लास के साथ मनाया फाउंडर्स डे

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस की सभी शाखाओं के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने फाउंडर्स डे मनाया। महाप्रबंधक हर्षित सिंह और शिखर पाल सिंह के दिशा निर्देशन में औषधीय पौधों के साथ-साथ अन्य पौधों को लगाया गया।कक्षाओं में बच्चों ने हरित कोना बनाया। लखीमपुर-खीरी की शाखा के प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। प्राइमरी के बच्चों ने नो आर्डिग्निटीज़ विषय पर अपने ज्ञान को क्राफ्टवर्क द्वारा सुंदर तरीके से संजोया। जूनियर के बच्चों ने विभिन्न



तथ्यपरक जानकारी पर आधारित क्विज के माध्यम से विद्यालय महाप्रबंधक डॉ.एस.पी.सिंह के जीवन एवं उनकी शिक्षा-क्षेत्र में किए गए बहुमूल्य योगदान को रेखांकित किया। सीनियर वर्ग के छात्रों ने एस.यू.पी.डब्लू. के अंतर्गत आउटडोर एक्टिविटी की। उन्होंने सलेमपुर कोन में स्थित वृद्धाश्रम के वृद्धजनो के दुख-दर्द को समझने का प्रयास किया। उनको अपने भजन सुनाए। स्पोर्ट एक्टिविटी %हिट द टारगेट% कुर्सी-रेस कराकर मनोरंजन किया। फल, बिस्किट लाई-चना एवं गिफ्ट आदि का वितरण किया। सभी वृद्धजनो ने प्रसन्नमन से उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभाशीष दिया। पारा स्थित हेड ऑफिस में भी पौधारोपण किया गया । असेनी मोड़, बाराबंकी शाखा में संस्थापक - अध्यक्ष डॉ. एस.पी.सिंह (सांसद) ने अपने प्रेरक व्याख्यान के माध्यम से शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को समाज निर्माण में अपना श्रेष्ठतम योगदान करते रहने का आह्वान किया। लखनऊ स्थित दृष्टि सामाजिक संस्थान और ज्योति भारतम संस्थाओं को भोजन बर्तन-थाल, सीलिंग फैन, आयरन, कंबल, बेडशीट, तौलिया, प्रेशर कुकर और मजदूरों को शर्ट-पैंट , साड़ी-ब्लाउज एवं खाने-पीने के सामान वितरित किए गए । डॉ. एस.पी.सिंह के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। उपनिदेशक मीना टांगड़ी ने डॉ. एस पी सिंह की कार्यशैली पर आधारित स्वरचित कविता सुभानअल्लाह सुनाई द्व बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व एम.एल.सी. कांति सिंह, प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, निदेशक नेहा सिंह व गरिमा सिंह,उपनिदेशक मीना टांगड़ी, सभी प्रधानाचार्य, निरीक्षक मंडल एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## महिला का अश्लील वीडियो बनाने और धमकाने वाले के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** शहर की एक महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर सोते समय उसके कपड़े काटने और वीडियो बनाने के बाद धमकाने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।महिला का कहना है कि उसके पति बाहर मजदूरी करने गए थे।बीती 19 मई की रात वह अपनी बेटी के साथ घर में सो रही थी।रात करीब दो बजे बेटी को प्यास लगी। उसको पानी देने के लिए जब वह उठी तो देखा कि उसके शरीर के सारे कपड़े किसी ने कैंची से काट दिये थे। यह देख वह डर गई। उसने घटना की जानकारी अपने सास-ससुर को बताई।घटना की रात करीब 3꠰24 बजे उसके मोबाइल पर अंजान व्यक्ति ने कॉल की और कहने लगा कि पीछे से तुम्हारे घर में घुसकर आया था। तुम्हारे सारे कपड़े काटकर एक-एक अंग का वीडियो बनाई है।आरोपी उसे रेलवे लाइन पर या भाजपा कार्यालय के पीछे बुलाने का दबाव बनाने लगा। धमकी दी कि उसकी बात नहीं मानी तो सारे वीडियो वायरल कर देगा।तुम्हारे पति जहां मजदूरी करते हैं। वहां भी मेरे आदमी लगे हुए हैं।उनको मरवा दूंगा। अभी भी धमकी भरे काल व मैसेज आ रहे हैं। शिकायत करने पर पुलिस ने जब चेक किया तो कॉलर आईडी पर आरोपी का नाम निशांत गौड़ निवासी सुभाष नगर निकला।पुलिस ने उसको चौकी पर बुलाया भी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।इससे इज्जत व जान माल का खतरा बना हुआ है।सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सेगमेंट की नई महिंद्रा बोलेरो पिकअप वीरो का अनावरण किया गया



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

हमारे प्रतिष्ठान मूसाराम इंटरप्राइजेज लिमिटेड (ऑथराइज्ड डीलर महिंद्रा × महिंद्रा मोटर लिमिटेड) लखीमपुर में गुरुवार को पिकअप सेगमेंट की नई महिंद्रा बोलेरो पिकअप वीरो का अनावरण किया गया वीरो के फीचर्स में 18.4 किलोमीटर / लीटर माइलेज /1600द्मद्द पे लोड/ 10 फीट का कार्गो डाला /रिवर्स पार्किंग कैमरा / टच स्क्रीन फिटमेंट/ पावर विंडो / एयरबैग और एसयूवी कार जैसा आरामदेह केबिन दिया गया है, जो किसी कंपनी की पिकअप रेंज में उपरोक्त फीचर्स नहीं है। अनावरण समारोह में महिंद्रा × महिंद्रा कंपनी के एरिया मैनेजर प्रशांत पुनियानी और एमडी, दिनेश अग्रवाल (मूसाराम इंटरप्राइजेज लिमिटेड), जनरल मैनेजर सर्विंद तिवारी , एस एम शाहनवाज अली व समस्त मूसाराम परिवार से जुड़े सम्मानित ग्राहकगण, फाइनेंसर, पत्रकार बंधुओ और समस्त स्टाफ की उपस्थिति में समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में आए हुए अतिथिगण, ग्राहक बंधुओं, मीडिया कर्मचारी, फाइनेंसर और समस्त स्टाफ के लोगों का मूसाराम परिवार की तरफ से हृदय तल से अभिनंदन है।

# 10 दिवसीय सर्वे/सट्टा सुधार हेतु गोला समिति ने लगाया मेला

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड गोला द्वारा समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन 14 सितंबर से 22 सितंबर तक मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में किसान भाई अपना गन्ना सर्वे तथा सट्टे का अच्छी तरह से अवलोकन कर समस्त आवश्यक सुधार करा सकते हैं ,जैसे कृषि योग्य भूमि दर्ज कराना, समिति के नये सदस्य बनना,गन्ना रकबे का पारिवारिक फटवारा/छूटे रकबे को चढ़वाना,गन्ना प्रजाति,मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर व बैंक खाता दर्ज कराना इत्यादि से सम्बन्धित सभी आवश्यक अभिलेख जमाकर समिति में चल रहे किसान मेले में समय रहते सुधार करा सकते हैं । चल रहे किसान मेले में आज गन्ना समिति गोला के सचिव बलवन्त चौधरी एवं बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि0,गोला गोकर्णनाथ के वरि0 महाप्रबन्धक गन्ना पी.एस.चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से



किसानों की समस्यायें सुनी तथा उनका तत्काल समाधान कराया। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने उपस्थित किसानों से नये सदस्य यथाशीघ्र बनने एवं अपने सर्वे सट्टे को भलि भांति जांच कर उसमें आवश्यक सुधार कराने के सुझाव दिये। सचिव बलवंत चौधरी ने बैंक खाता, मोबाइल नं, बंद सटटो को खुलवाने हेतु अभिलेख समिति मेले में दे देवे। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने कृषि योग्य भूमि कम जिनका है वह खतौनी जमा करें साथ ही साथ गन्ना प्रजाति व पेड़ी पौधा इत्यादि को अपने सर्किल काउंटर पर पहुंच कर जानकारी कर लें ।? सचिव बलवंत चौधरी ने बताया कि यह सुधार का अन्तिम अवसर है अतः सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि अपने सर्वे/सट्टे का अच्छी तरह से अवलोकन कर सुधार अवश्य करा लें जिससे जल्द ही आने वाले पेराई सत्र में आपको गन्ना सप्लाई में किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर चीनी मिल के सभी जोन/ब्लाक इंचार्ज, समिति व चीनी मिल के समस्त गन्ना सुपरवाईजर सहित तमाम कृषक उपस्थित रहे।

## वन कर्मियों ने बाघ जागरूकता हेतु रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कॉलेज में किया गोष्ठी का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

गुरुवार को वन विभाग द्वारा रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य उदयवीर ने किया। गोष्ठी में क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेश पाल सिंह ने बताया कि बाघ को लोकलाईज कर लिया गया लेकिन जब तक ट्रैक्यूलाइज नहीं हो रहा है तब तक सभी क्षेत्रवासी सतर्क रहें व कुछ सावधनियों जैसे बाघ प्रभावित क्षेत्र में ना जाएं यदि बहुत आवश्यक हो तो समूह में ही जाए, मदिरा पान कर के घर से बाहर ना जाएं, अंधेरा होने से पूर्व घर को पहुचें।उपक्षेत्रीय वन अधिकारी ने बाघ के पग चिन्हों की पहचान पंपलेट आदि दिखाकर करवाई व उन्होंने कहा कि खेतों में मरे हुए शिकार के दिखाने व हिंसक वन्य जीवों के होने की सूचना अविलंब वन विभाग को दे।, रात में घर से बाहर निकलना हैं तो टार्च अथवा रोशनी के साथ ही निकलें।प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने भी बाघ प्रभावित्त क्षेत्र के छात्र / छात्राओं को सतर्कता व सावधानी बरतने का सुझाव दिया।इस मौके पर प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, वन दरोगा माया प्रकाश, एस टी पी एफ सुदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार, बाघ मित्र कमलेश, नवनीत, फॉरेस्ट जगदीश, उपप्रधानाचार्य उदयवीर, अनुष्का शुक्ला,सलमान, उवैद, श्यामकिशोर, अभिषेक यादव, सतेंद्र, सुशील, भूपेन्द्र, सुशील वर्मा, अवनीश, सुशील जी, दिनेश, नियामत, अंकुल, राधा, चाँदनी, अंजली, नेहा, सरिता, शिखा, पूजा, प्रान्शी, प्राची, कामिनी, मोनिका आदि शिक्षक / शिक्षिकाए व छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

## कछौना क्षेत्र पंचायत में कार्यों और भुगतान में एक करोड़ से की गड़बड़ी

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

क्षेत्र पंचायतों की ओर से कराए जाने वाले कार्यों और भुगतान में एक करोड़ से अधिक की गड़बड़ी सामने आई है। यह काम वर्ष 2020-21 और 2021-22 में कराए गए थे। इसमें 27 लाख से अधिक का भुगतान श्रमिकों के खातों में न देकर कार्य प्रभारियों को किया गया है। ऐसे ही अन्य गड़बड़ियां सामने आई हैं। क्षेत्र पंचायत की ओर से गांवों में विकास और अन्य कार्य कराने के साथ ही सामग्री की खरीदारी भी की जाती है। काम पर लगाए जाने वाले श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान उनके खातों में किए जाने की व्यवस्था है।

## दिगंबर जैन मंदिर में रात्रिकालीन बेला में क्षमावाणी पर्व का आयोजन किया गया



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में रात्रिकालीन बेला में क्षमावाणी पर्व का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे से जाने अनजाने ओ हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना की। महिलाओं व बालिकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जैन धर्म में दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन क्षमावाणी पर्व मनाया जाता है। सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर जाने अनजाने वर्ष भर की गलतियों और कटुता के लिए क्षमा मांगते हैं। बुधवार की देर शाम सरावगी वार्ड स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंदिर जी में श्रीजी का आरती के उपरांत महिलाओं और बालिकाओं ने भाव नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में दस दिनों तक उपवास करने वाले उज्ज्वल जैन, प्रीति, रोली, छाया, रागिनी, भूमिका, पावन, मिंटी, मृदुला जैन को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पांच उपवास करने वाले तन्मय जैन, आकर्षि जैन, तीन उपवास करने वाले मनीष, शालू, ममता, रजनी, लवी, कनकलता तथा दो उपवास करने वाले आयुष, अनुष्का, सर्चित, मन्नू, मुद्रिका, माला, अतुल, प्रिया, आयुषी को सम्मानित किया गया। श्री जी की जयमाल लेने का सौभाग्य राकेश जैन परिवार को मिला। कार्यक्रम समापन पर सभी ने एक दूसरे द्द क्षमापना की। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष अनुज जैन, पूर्व अध्यक्ष अरुण जैन, मनोरंजन जैन आदि उपस्थित रहे।

## मोहल्ले के लोगों का सेक्स रैकेट का आरोप दरकिनार, पुलिस ने आरोपियों को रिश्तेदार बता कर दी क्लीनचिट

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

बोर्ड नगर के एक मुहल्ले में खाली पडे एक मकान में समुदाय विशेष के दो युवक व युवती के देखे जाने के बाद मुहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बन गया। इसी बीच किसी मुहल्ला वासी ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। वहीं मामले को लेकर सोशल मीडिया पर मुहल्ले में सैक्स रैकेट की खबर वायरल होने लगी। जिससे हडकंप मच गया। कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तीनों को थाने लाई। जहां पूछताछ की जा रही है। बता दें कि मुहल्ला कुम्हारनटोला वार्ड नंबर एक में रायपुर घुंसी निवासी दो युवक, जो कि आपस में साले बहनोई का रिश्ता बता रहे है। जबकि युवती खुटार निवासी बताई गई। मुहल्ले में यादव नाम के एक व्यक्ति के घर में देखा गया। इसके बाद मुहल्ले वासियों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने अजनबी युवकों के साथ मारपीट भी हुई। साथ ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस तीनों को थाने में बिठाकर पूछताछ कर रही है। उधर पुलिस का कहना है। कि मकान मालिक के यहां इस प्रकार की घटनाएं होती रहती है।

## अल्लाह व उनके रसूल का दामन मजबूती से थामें नमाज़ की पाबन्दी करें तभी हमें कामियाबी मिलेगी: शोएब मियां सज्जादा नशीन

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

स्थानीय दरगाह आलिया सादिया हज़रत बड़े मखदूम साहब अलैहिर्रहमा में तीन दिवसीय 524 वें उर्स के पहले दिन सांय असर की नमाज़ के बाद तथा मगरिब और ईशा की नमाज़ के बाद हज़रत ख्वाजा क़ुतुबुद्दीन बख्तियार काकी अलैहिर्रहमा का फातेहा सम्पन्न हुआ उसके बाद रात में महफिले समा का आयोजन किया गया जिसमे देर रात तक दरगाह पर क़व्वाली हुई अन्त में पुनः ख्वाजा क़ुतुब साहब का फातेहा हुआ।सांय कालीन दरगाह में सम्पन्न हुए फातेहा के अवसर पर उपस्थित सज्जादगान में शोएब मियां के



अलावा हज़रत छोटे मखदूम साहब के सैय्यद अजीजुल हसन रिज़्वी मदनी मियां,दरगाह हाफ़िज़िया असलमिया के हाजी सैय्यद फुरक़ान वहीद हाशमी, मखदूम क़ाज़ी बदरुद्दीन उर्फ बुडढन शाह उन्नाव के सैय्यद ज़िया अलवी,दरगाह कलंदरिया से लईक अहमद किरमानी,फर्रुखाबाद दरगाह के नायब सज्जादानशीन सैय्यद सैय्यद हिलाल मुजीबी ,सैय्यद शारिक सफ़वी, दरगाह हक़ हू शाह के इशरत अली सादी सज्जादी ,दरगाह कमेटी के सदर हाजी सैय्यद आमिर रिज़्वी,सेक्रेटरी जावेद मुस्तफा टीटू खान के अलावा कमेटी के अन्य सदस्य हाजी सादी फ़ारूक़ी, इस्तेफ़ा अली खां , सैय्यद मोइन अलवी,सैय्यद शुजाउद्दीन रिज़्वी, सैय्यद लारैब अल्वी,मौलाना हसन साकिब उस्मानी,हाफिज अरसलान उस्मानी, तथा अन्य अकीदत मंद मौजूद थे। इस अवसर पर सज्जादानशीन नजमुल हसन उर्फ़ शोएब मियां ने कहा कि हमें आपस मे मेल मिलाप से रहना चाहिये तथा औलिया अल्लाह से मोहब्बत तो करें लेकिन उनकी तालीमात पर भी पूरी तरह अमल करें और हमें उसी के अनुसार अपनी ज़िन्दगी को ढ़ालना चाहिए नमाज़ की पाबन्दी करें तथा अल्लाह व उसके रसूल के दामन को मजबूती से पकड़े रहें तभी हमे कामियाबी मिलेगी वरना कहीं कुछ फायदा होने वाला नहीं।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी खंड विकास अधिकारियों संग 2016-2017 से 2023-2024 तक प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। समीक्षा के दौरान अब तक कुल-241294 लक्ष्य के सापेक्ष 2447 आवास बनने शेष बचे हैं, जिनमें से 2217 आवासों की तीसरी किस्त लाभार्थियों के खाते में जानी बांकी है। इस किस्त के खातों में पहुंचते ही प्रधानमंत्री आवास योजना का उक्त लक्ष्य लगभग पूर्ण हो जाएगा।




मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा में आवासों के लक्ष्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अपने विकास खंड में कुछ नया काम करें, विकास करें, किसी भी काम को लम्बित न रखा जाये। कुछ ऐसे काम होने चाहिए जो मॉडल के रूप में विकसित हो। जो प्रधान काम नही कर रहे हैं लाभार्थियों को दौड़ाने का काम कर रहे हैं उनकी जांच कराकर पावर सीज कर दिए जाय। गांवों में नालियों की सफाई, मुख्य मार्गो पर झाडीयो आदि को साफ करवाने का काम प्रधानों द्वारा किया जाए।सीडीओ ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों की निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र का भ्रमण जरूर करे। कार्यों की गुणवत्ता परखे, लापरवाही बरतने वाले पंचायत सेक्रेटरी, ग्राम प्रधान पर कार्यवाही सुनिश्चित करे। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि जर्जर विद्यालयों की समस्या को दूर करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराये तथा मध्यान्ह भोजन आदि की समुचित व्यवस्थाएं ग्राम प्रधान समय से उपलब्ध कराए।

# देश और समाज तभी आगे बढ़ेगा जब समाज में रहने वाले सभी आगे बढ़ेंगे: जनपद न्यायाधीश

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

देश और समाज तभी आगे बढ़ेगा जब समाज में रहने वाले सभी आगे बढ़ेंगे। पढ़ाई के साथ-साथ समाज के गरीब, शोषित, पीड़ित लोगों को उनके अधिकारों कर्तव्यों की जानकारी उपलब्ध करवाकर न्याय दिलाने में सहायता करना भी हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। आप सभी समाज का दर्पण है। जब आप शिक्षित होंगे तभी समाज भी शिक्षित होगा।

सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में व जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर मनोज कुमार तृतीय के निर्देश पर गुरूवार आयोजित विधिक साक्षरता व






जागरूकता शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे व मां भारती के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने यह बात कही। उन्होंने कहा सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हमे जानकारी के अभाव के चलते नहीं हो पाता। आप सभी का यह सौभाग्य है कि प्रदेश की सिरमौर संस्था के विद्यार्थी है। इस शिविर में बताई गई सभी जानकारियों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पहुंचाएं। स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक मिश्र ने कहा पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी शामिल होकर माता-पिता अभिभावकों के साथ विद्यालय का नाम रोशन करें। एनसीसी, एनएसएस, स्काउटिंग जैसी अन्य कार्यक्रम आपके जीवन में परिवर्तन लायेंगे। एलएडीसी सुभांशी तिवारी ने कहा कि जैसी संगति होगी वैसा ही समाज परिलक्षित होगा। महिलाओं का सम्मान कीजिए। महिलाओं को अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने दिव्यांग जन अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज निषेध अधिनियम सहित अनेक जानकारियां दी। डीपीओ प्रिया पटेल ने भी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन सहित अन्य योजनाओं को जानकारी विद्यार्थियों को देते हुए इन्हें समाज में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने के लिए कहा। इससे पूर्व कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी विरल, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी, सांस्कृतिक प्रमुख प्रतिभा सिंह बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने मुख्य अतिथि अपर जिला सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक मिश्र, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अक्षी गिल, सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रिया मिश्रा, तन्मय जायसवाल, अंजू यादव, आकांक्षा पिपिल, मनुज कृष्ण मिश्र, रंजीत जायसवाल, एलएडीसी सुभांशी तिवारी, डीपीओ प्रिया पटेल, मध्यस्थ अधिवक्ता विमल मोहन मिश्र का माल्यार्पण, स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र दीक्षित व अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक शिव सेवक मिश्र, राकेश शुक्ल, नवनीत पांडेय, वीरेंद्र मिश्र, तुषार तिवारी, अनीता वर्मा, मनोज गुप्त सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### विशिष्ट अथियों ने किया सम्मानित

मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा 2023 हाईस्कूल की यूपी टॉपर प्रियांशी सोनी, 2024 की हाईस्कूल यूपी टॉपर प्राची निगम, प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली नव्या सिंह, पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका वर्मा, छठवा स्थान प्राप्त करने वाली वर्तिका सोनी, सातवां स्थान प्राप्त करने वाली अंशी मौर्या, आठवां स्थान प्राप्त करने वाली अगम्या वर्मा, नवां स्थान प्राप्त करने वाले हेमंत वर्मा व दसवां स्थान प्राप्त करने वाली अपर्णा गुप्ता को सम्मानित किया। एथेलेटिक्स में नेशनल लेवल पर चुनी गई रितिका पटेल व जूडो में बेस्ट फाइटर रिवॉर्ड प्राप्त रीतांशु कुमार को भी मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अथियों ने सम्मानित किया।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मानवेन्द्र कुमार ने चलाया स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस | चौरी चौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। विकास खंड ब्रह्मपुर में, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मानवेन्द्र कुमार यादव ने आज स्वास्थ्य केंद्र परिसर में श्रमदान करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान मानवेन्द्र कुमार ने कहा, ÷स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए हर नागरिक का योगदान जरूरी है। स्वच्छता केवल सरकार का नहीं, बल्कि हम सबका दायित्व है।÷

उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और सभी से अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की।स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर के प्रांगण में आयोजित इस अभियान में प्रमुख रूप से डॉ. ईश्वर लाल, प्रभारी स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर, चंदन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष, धर्मेन्द्र यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य आईटी विभाग, और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने हिस्सा लिया।

# गोरखपुर में सीएम योगी ने किया फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हापुड़ में जूस में मूत्र मिलाए जाने की घटना की ओर इशारा करते हुए कहा कि विश्वास मानिए यहां फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, क्रूज या अन्य किसी रेस्टोरेंट में हापुड़ वाला जूस एवं थूक लगी रोटियां तो नहीं मिलेंगी। यहां जो मिलेगा, शुद्ध मिलेगा।मुख्यमंत्री ने गुरुवार को रामगढ़ ताल में स्थापित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के लोकार्पण एवं ग्रीन वुड अपार्टमेंट के आवंटियों को आवंटन प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि आज से 15 -20 वर्ष पहले गोरखपुर के नाम से लोगों के मन में भय होता था। सात वर्ष पहले भी यह विकास से कोसों दूर था। जहां आप बैठे हैं (रामगढ़ ताल क्षेत्र) वहां आने से पहले लोगों को सोचना पड़ता था। अकेले कोई नहीं आ सकता था। रामगढ़ ताल क्षेत्र गंदगी व अपराध का गढ़ बन गया था।





### विकास के पथ पर अग्रसर है पूर्वांचल

सीएम ने कहा कि फर्टिलाइजर कारखाना बंद था, बीआरडी मेडिकल कालेज खुद बीमार था। लोग दिनभर जाम से जूझते थे। आज यहां की सड़कें फोर लेन व सिक्स लेन हो गई हैं। आज यहां का एयरपोर्ट सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। खाद कारखाना फिर चालू हो गया। मेडिकल कालेज की व्यवस्था बेहतर हुई है। एम्स भी सेवा दे रहा है, और पूर्वांचल का विकास तेजी से हो रहा है।

### पर्यटकों को आकर्षित करेगा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट

उन्होंने कहा कि रामगढ़ ताल 1700 एकड़ क्षेत्र में विकसित होकर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। पहले यहां क्रूज आया। अब फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा मिली है। रामगढ़ क्षेत्र में पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। जो सुविधा फाइव स्टार होटल में मिलती है, यहां मिलेगी। एक बार सारी सड़कें बन जाएं ग्रीन वुड के फ्लैटों की कीमत भी बढ़ेगी। यहां फाइव स्टार होटल की श्रृंखला आ रही है। कन्वेंशन सेंटर बनेगा। किसी के घर अतिथि आएगा तो यहां दिनभर घूमने का प्लान बना सकता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सपाइयों ने प्रदर्शन बीजेपी पर लगाया जनता की जमीनों को कब्जाने का आरोप

जन एक्सप्रेस /गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ आक्रामक नारेबाजी की। आंदोलन विश्वविद्यालय के पंत पार्क से शुरू हुआ जो जिलाधिकारी कार्यालय तक चला। प्रदर्शन की अगुआई सपा के राष्ट्रीय महासचिव विनय शंकर तिवारी ने करते हुए जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए। जिसमें प्रमुख मुद्दा था, बीजेपी के नेताओं ने जबरन लोगों की जमीनों पर कब्जा करना। इस आरोप के साथ प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि समाज में अराजकता तेजी से बढ़ रही है और बीजेपी की नीतियों ने आम लोगों की जिंदगी मुश्किल कर दी है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के पास जनता की समस्याओं को सुनने और समाधान निकालने का कोई समय नहीं है। समाजवादी पार्टी ने इस प्रदर्शन के जरिए सरकार को एक कठोर चेतावनी दी है। सपा के नेताओं ने बताया कि अगर सरकार ने अपने रवैये में बदलाव नहीं किया। तो वे आगे और भी उग्र आंदोलन करने पर मजबूर हो सकते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में किया गया था। जो बीजेपी की नीतियों के खिलाफ सख्त और निर्णायक कदम उठाने की तैयारी में हैं। सपा का यह प्रदर्शन बीजेपी को एक स्पष्ट संदेश देता है कि यदि सरकार ने तत्काल कोई पॉजिटिव कदम नहीं उठाया, तो राजनीतिक परिदृश्य में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।



### सीएचसी अधीक्षक की निष्क्रियता से 30 वें से 111 वें पायदान पर पहुंचा जंगल कौड़ियां

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर जिले के जंगल कौड़िया सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत 78.86 अंकों के साथ प्रदेश में 111 वां और जनपद में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि बीते वित्तीय वर्ष 2022 – 23 में इस सीएचसी को 86.71 फीसदी अंकों के साथ जनपद में दूसरा तथा प्रदेश में 30 वां स्थान मिला था। जानकारी के अनुसार, कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 3 चरणों में (इंटर्नल, पियर तथा एक्सटर्नल) असेसमेंट किया गया। इसके बाद सीएचसी को यह स्थान प्राप्त हुआ। मनमोहन, सोहन, उत्तम आदि लोगों के कहा सीएचसी का 30 वें पायदान से 111 स्थान पर पहुंचना यह साबित करता है कि अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है। वहीं बीते 6 अगस्त को अस्पताल के एक लैब टेक्नीशियन के कार्य प्रणाली पर आशाओं ने सवाल उठाकर नारेबाजी किया था और आरोप लगाया था कि लैब टेक्नीशियन की मूल तैनाती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में है परंतु वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठते हैं। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी अधीक्षक डॉक्टर उमेश नारायण गुप्ता को निर्देशित किया था की लैब टेक्नीशियन को मूल तैनाती वाले स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जाए। परंतु स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश को भी दरकिनार कर दिया। अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने बताया लैब टेक्नीशियन अधीक्षक के सह पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ना जाकर प्रतिदिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ही बैठता है।




### सर्वसमाज का सम्मान भाजपा कार्यकर्ताओं की नियति: स्वतंत्र देव सिंह

जन एक्सप्रेस/देवरिया। सदर ब्लॉक के सोनूघाट चौराहे पर बुधवार, को भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वही वैदिक मनोहर जोशी अध्ययन केंद्र चक सराय बदलदास सोनूघाट के बटुको ने विद्यालय के संचालक धर्मेंद्र पांडेय के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री द्वारा चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करते समय बटुकों के स्वस्तिवाचन कर बेद मंत्रों से वातावरण गुंजायमान हो गया। बुधवार की सुबह देवरिया से बरहज सड़क मार्ग से जाते समय सोनूघाट चौराहे पर भाजपा नेता नीरज शाही के नेतृत्व में हजारों भाजपाइयों का जत्था जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा स्वतंत्रदेव सिंह को फूल मालाओं से लाद दिया।जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बरहज बलिदान स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जाते समय सोनूघाट चौराहे स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कैबिनेट मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सभी समाज को सम्मान की नजर से देखती है।सभी वर्गो का सम्मान करना ही भाजपा का मूल उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है।श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण स्तर पर सभी गांवों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने की योजना है। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री भाजपा नेता नीरज शाही के नेतृत्व में सैकड़ों गाड़ियों के काफिले में,सुभाष तिवारी,प्रमुख पवन कुमार गुप्त पिंटू,बृजेश तिवारी,संजय तिवारी,सीमा मौर्य, अनारी पासवान,लाल बहादुर सिंह,अभिषेक सिंह,शैलेंद्र सिंह टुन्नु,इंद्रजीत यादव,प्रमोद सिंह,प्रतीक राय,गिरिजेश तिवारी,अमित सिंह,गंगाशरण पांडे,अजय सिंह,अमीर सिंह,अरविंद चौहान,राकेश सिंह सहित सैकड़ों भाजपाई शामिल रहे।

### किसानों ने डीएम को पत्रक सौंप, 22 तक का दिया अल्टीमेटम

जन एक्सप्रेस/देवरिया। देवरिया बाईपास निर्माण के निमित्त जिला प्रशासन द्वारा अधिगृहीत भूमि का किसानों को मिलने वाले मुआवजे में जिला प्रशासन द्वारा मनमानी कटौती करने के से आहत भूमि बचाओ संघर्ष समिति व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को डीएम को पत्रक सौंपते हुए चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 22 सितंबर 2024 तक शासन द्वारा किसानों की भूमि का उचित मूल्य व मुआवजे में की जा रही कटौती पर रोक नहीं लगाई गई तो 23 सितम्बर 2024 को पूर्वांचल के दर्जनों जनपदों के किसानों संग जिलाधिकारी कार्यालय पर डेरा डालो, घेरा डालो अभियान के तहत अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किसानों व किसान संगठनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों के मुआवजे में की जा रही कटौती रोकने संबंधी मांग से शासन को अवगत कराया जा चुका है जैसा निर्देश जारी होगा उसी के अनुसार आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## भाजपा नेता के माता पिता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व सम्मान समारोह आयोजित

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

युवा भाजपा नेता और सामाजिक कुंभ के संयोजक ने अपने पूज्यनीय माता और पिता की पुण्यतिथि पर श्रध्दाजलि सभा व सम्मान समारोह का आयोजन किया।

खड्डा विधानसभा क्षेत्र के कटाई भरपुरवा गांव निवासी भाजपा युवा नेता और मां नारायणी सामाजिक कुंभ के संयोजक मनोज कुमार पांडेय ने गुरुवार को अपने निवास स्थान पर ही अपने स्व0 माता गायत्री देवी की नौवी पुण्यतिथि और स्व0 पिता राधेश्याम पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रधाञ्जलि सभा और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओ का अलावा सामाजिक, राजनीतिक और अन्य क्षेत्रों से आये अतिथियों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुवे पुष्पांजलि अर्पित किया। आयोजक श्री पांडेय ने सभी अतिथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओ और पत्रकारों को माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्र,



पुष्प गुच्छ और डायरी आदि देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित जनसमुह के संबोधन में अतिथियों ने कहा कि श्री पांडेय जी के माता और पिता मृदुभाषी और सरल स्वभाव के थे, ये दोनों अपने समाज के साथ अन्य समाज को लोगो को भी अपने साथ लेकर चलते थे। हम लोगों को इनके मार्गदर्शन को अपनाने की जरूरत है। उपस्थित जनसमुह को अटल दुबे, फतेह बहादुर दुबे, सुप्रियम मालवीय, हरीशंकर राय, संजय मिश्रा, संतोषदत्त राय आदि सहित अनेको ने संबोधित किया। भोजपुरी लोक गायक सुभाष सुहाना ने सभी अतिथियों को एक स्वागत गीत गाकर खूब वाहा लूटी। संचालन प्रभाकर पांडेय ने किया।

इस मौके पर बगही कुट्टी महंथ विषम्भरदास जी महाराज, पथलेश्वर धाम महंथ डॉ0 सत्येन्द्र गिरी, छितौनी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक निषाद, नेबुआ नौरंगिया ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, नौरंगिया मण्डल अध्यक्ष नितेश गोविंद राव, बृजेश मिश्रा, धर्मेंद्र राव, महेंद्र पांडेय, धीरज तिवारी, संजय राव, प्रधानाचार्य शैलेश तिवारी, मनोज प्रताप शर्मा, आनंद तिवारी, मोनू मिश्रा, ब्यास बर्मा और देवेंद्र प्रताप सिंह आदि सहित अनेको लोग मौजूद रहे।

### विद्युत वितरण खण्ड गौरी बाजार में चला सघन बिजली चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस/देवरिया। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, गौरी बाजार वी के सिंह ने बताया कि प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी के निर्देशानुसार विद्युत वितरण खण्ड गौरी बाजार में बकायेदारों का गुरुवार को राजस्व वसूली एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान 56 उपभोक्ताओं का परिसर चेक किया गया, जिसमें 28 उपभोक्ताओं से 226512 रुपए का बिल जमा कराया गया और 23 अदद बड़े उपभोक्ताओं द्वारा बिल न जमा करने के कारण उनके कनेक्शन विच्छेदन किया गया और साथ ही 2 अदद गलत विधा में एवं 3 अदद अतिरिक्त डिमान्ड उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं पर नियमानुसार कार्यवाही किया गया। ज अभियान में अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियन्ता, टीजी-2 एवं विभागीय निविदा कर्मी एवं मीटर रीडर च शामिल रहे। अधिशासी अभियंता श्री सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे अपना विद्युत बिल समय से जमा करें, जिससे वे किसी भी विभागीय कार्यवाही से बच सकें।

## आरपीएफ ने फर्जी रेल टिकट बनाने वाले जालसाज को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

आईआरसीटीसी की फर्जी आईडी पर रेलवे का आरक्षित तत्काल एवं सामान्य ई टिकट बनाकर ग्राहकों को चूना लगाने वाले जालसाज को रेलवे अपराध आसूचना भटनी एवं रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज की संयुक्त टीम ने एक युवक को रेलवे के टिकट से जुड़े प्रतिबंधित सामान के साथ गिरफ्तार किया है। रेलवे पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को वाराणसी जेल भेज दिया है। आईआरसीटीसी की फर्जी पर्सनल यूजर आईडी पर रेलवे का आरक्षित तत्काल एवं सामान्य ई टिकट बनाकर मनमाने मूल्य में ग्राहकों को बेचे जाने की भनक लगते ही रेलवे की अपराध आसूचना शाखा भटनी व रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज की संयुक्त टीम ने ई टिकट के अवैध कारोबार करने वाले नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सौरहा खुर्द बाजार में संचालित जमजम टूर एन्ड ट्रवेल सीएससी सेंटर के संचालक सेराज अहमद पुत्र आशिक अली को छापेमारी कर धर




दबोचा।

संचालक के पास से कुल 44 अदद ई टिकट कुल किमत 80562 रू बरामद किया गया । साथ ही अपराध में प्रयुक्त एक मोबाइल, लैपटॉप, प्रिंटर व प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर बरामद किया गया।

जिसके विरुद्ध भारतीय रेल अधिनियम की धारा के तहत रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज ने अभियोग पंजीकृत करते हुए वाराणसी रेलवे की जेल भेज दिया है। टीम में अपराध आसूचना शाखा भटनी उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, सहायक उप निरीक्षक अवनीश कुमार राय, कांस्टेबल अनुराग प्रताप सिंह तथा उपनिरीक्षक गुलाब सरोज ,सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार राय, कांस्टेबल इंद्रजीत यादव व महेश सिंह आदि मौजूद रहे ।

## डोल मेला में मनबढों ने किया जमकर तांडव, पुलिस ने चार को लिया हिरासत में

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

तहसील तमकुहीराज क्षेत्र अंतर्गत पटहेरवा थाने के पटहेरिया बाजार में बुधवार की रात लगे डोल मेले के अखाड़ा नम्बर छः के पास मनबढ़ युवको ने जमकर तांडव मचाया और मारपीट की। तथा कई आयोजकों को मंच से नीचे फेंक दिया और पुलिस के पहुचने के पूर्व फरार हो गए। डोल मेले में उत्पात मचाने वाले चार युवकों को पुलिस हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ कर रही है। पटहेरिया अखाड़ा नंबर 6 के आयोजक मंडल के सदस्य प्रोग्राम शुरू होने के बाद स्टेज पर बैठे थे।इसी दौरान आधा दर्जन नशे में धुत युवक आये नर्तकियों के स्टेज पर चढ़ने लगें आयोजकों ने विरोध किया तो उन्हें स्टेज नीचे फेंक दिए।नर्तकी भय से प्रोग्राम बंद कर दी।इसके बाद पुलिस पहुचीं तो उत्पाती युवक फरार हो गये।बताया जा रहा है कि इस दौरान आयोजक मंडल के सदस्य संतोष मद्देशिया,रोहित सिंह, चंदन गुप्ता व अजय गुप्ता को चोटें लगी। वही नवजीवन इंटरमीडिएट कालेज में नशे में धुत होकर कुछ युवकों ने जमकर उत्पात मचाया और मारपीट की। चर्चा तो यहाँ तक है कि बीच बचाव कर रहे एक अग्निवीर को चाकू से वार कर लहूलुहान कर दिया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टि नही हो पाई। जबकि अखाड़ा नंबर - 3 के आयोजक समिति के सदस्य बबलू कनौजिया को कुछ युवक ने स्टेज पर चढ़ने से मना कर बुरी तरह पिटाई कर फरार हो गये। घटना के बाद कुछ देर के लिए मेले में अफरा तफरी मचा रहा लेकिन पुलिस के कार्यवाई के बाद उत्पाती युवक फरार हो गए।

### भाजपा नेताओं ने सरकार से राहुल गांधी का पासपोर्ट रद्द करने की किया मांग

जन एक्सप्रेस/महराजगंज। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संबंध में दिए गए बयानों पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष महाराजगंज ओमप्रकाश वर्मा ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का पासपोर्ट शीघ्र रद्द कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया जाए ताकि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत और भारतीयता का अपमान न कर पाएं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी को आरक्षण विरोधी बयान देना शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता के इन्हीं उलजलूल बयानों से एक दिन कांग्रेस का अस्तित्व खत्म हो जाएगा लेकिन आरक्षण नहीं होगा।

## पूर्वोत्तर रेलवे स्वभाव व संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाया रहा सेवा पखवाड़ा

जन एक्सप्रेस | भटनी/देवरिया

पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर श् अभिषेक राय के नेतृत्व में वाराणसी मंडल पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे है । स्वच्छता ही सेवा के तृतीय में गुरुवार को मंडल के बनारस,वाराणसी सिटी,गाजीपुर सिटी, प्रयागराज रामबाग, बलिया, बेल्थरा रोड,मऊ, आजमगढ़, भटनी, देवरिया सदर, मैरवां, सीवान एवं छपरा रेलवे स्टेशनों पर सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर मैराथन दौड़, तेज कदम चाल , एक तय दूरी की यात्रा करके स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया,



साथ ही मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रेल यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाने हेतु सार्वजनिक जागरूकता कार्यशाला, सामूहिक श्रमदान, मानव श्रृंखला, वृक्षारोपण, स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ खाद्य के अंतर्गत दुकानों पर सफाई अभियान का आयोजन किया गया ।

इसी क्रम में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अन्तर्गत देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर जन जागरूकता किया गया। तत्पश्चात सर्कुलेटिंग एरिया में श्रमदान किया गया तथा स्टेशन मास्टर कार्यालय के सामने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।

## बाल संरक्षण अधिकारी को डीएम ने किया बर्खास्त

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

इलाज के अभाव में अनाथ बच्ची की हुई मौत के मामले में जिलाधिकारी ने बाल संरक्षण अधिकारी को बर्खास्त कर दिया है। नौतनवा तहसील क्षेत्र के बगहा के पास बने रेलवे अंडरपास के समीप एक टीन शेड में तीन साल की मासूम बच्ची की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में जिला प्रोवेशन विभाग ने संविदा पर तैनात संरक्षण अधिकारी जकी अहमद को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा की समाप्ति कर दी गई। मंगलवार को बच्ची की मौत के बाद हरकत में आई चाइल्ड लाइन की टीम मौके पर पहुंचकर, मृत बच्ची के दो सगे आठ वर्ष की बड़ी बहन व पांच साल के भाई को अपने साथ ले गई हैं।दो माह पहले तीनों मासूम बच्चे अपने माता-



पिता के साथ मुड़िला गांव के श्मसान घाट के समीप मंदिर के पास रहते थे। करीब 17 साल का एक बड़ा भाई भी है। वह नौतनवा में रहता था। माता-पिता दिन में काम पर चले जाते थे। बच्चे दिन में करीब दो किमी दूर बगहा गांव के पास जाकर खेलते थे। शाम होने के पहले माता- पिता के पास लौट जाते थे। दो माह पूर्व तीनों मासूम बच्चों के माता-पिता रहस्यमय ढंग से एक-एक करके गायब हो गए। उसके पास तीनों बच्चे बगहा गांव के पास रेलवे अंडरपास के समीप टीन शेड में रह रहे थे। आस-पास के लोगों की मदद से बच्चों को खानें पिने की व्यवस्था उपलब्ध करा रहें थें,तीनों बच्चों में से सबसे छोटी तीन साल की बच्ची की तबीयत कुछ खराब थी। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को फोन किया था पर, छोटी बच्ची की मौत के बाद चाइल्ड लाइन की टीम पहुंची थी ,नौतनवा पुलिस बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके बड़े भाई को सुपुर्द कर दिया था। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार हुआ। खुशी की मौत के मामले में गुरुवार को लापरवाही के आरोप में जिलाधिकारी अनुनय झा संविदा पर तैनात बाल संरक्षण अधिकारी मोहम्मद जाकिर अहमद की सेवाओं को समाप्त कर दिया हैं और महिला कल्याण विभाग को पत्र भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।

### विद्यालय प्रबंधक की दबंगई, वेतन मांगने पर गुर्गों से कराई शिक्षकों की खूब धुनाई

जन एक्सप्रेस/कोल्हुई, महराजगंज। कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट विद्यालय के प्रबंधक की मनमानी से शिक्षक का हाल बेहाल हैं,शिक्षक द्वारा वेतन मांगने पर जमकर किया पिटाई। उक्त शिक्षक ने दो माह काम किया जिसमें एक माह का बकाया वेतन को लेकर शिक्षक और प्रबंधक में अनबन हुई और मामला मारपीट में तब्दील हो गया। पीड़ित ने कोल्हुई थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया।प्रबंधक और शिक्षक में सुलहनामा बना जिसमें प्रबंधक ने 16 सितंबर को वेतन देने का वादा किया। शिक्षक 16 और 17 सितंबर को वेतन के लिए संपर्क किया लेकिन प्रबंधक ने वेतन नही दिया। इससे आहत शिक्षक जब 18 सितंबर को स्कूल पहुंचकर वेतन की मांग की किया।

## शोहदों को सबक सिखाने के लिए पुलिस को कॉल करें छात्राएं

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090 पर दी गयी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। छात्राएं निर्भीक होकर इस नम्बर पर काल कर अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस से मदद ले सकती हैं। उक्त बातें तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कही। थानाध्यक्ष सीपीएस इंटर कालेज पर महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस सभी की सुरक्षा को लेकर वचनबद्ध हैं लेकिन महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अमर्यादित ब्यवहार समाज के लिए अभिशाप है। छात्राओं के साथ रास्ते में या कहीं और भी मारपीट,छेड़छाड़,आदि की घटनाएं होती हैं तो वह तुरन्त 1090 या 181 पर काल कर सकती हैं। पुलिस उक्त स्थल पर पहुंच कर पूरी



मदद करेगी ।यह काल पूरी तरह निःशुल्क होता है। किसी के भय या बहकावे में न आएं बल्कि बिना झिझक के अपनी परेशानियां पुलिस को बताएं। आपकी सारी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखते हुए आरोपी के साथ कड़ाई से पेश आया जाएगा।उन्होंने विद्यालय में एक शिकायत पेटी रखने के साथ ही अपना सीयूजी नम्बर सभी छात्राओं सेव करवाया।थाना की महिला कांस्टेबल ज्योति झा,अनामिका सिंह,प्रियंका सिंह ने भी अपनी बातें रखीं तथा अलग से छात्राओं से उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। इसके पूर्व विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने दीप जलाकर कार्यशाला का शुभारंभ किया तथा पुलिसकर्मियों के स्वागत किया। कार्यशाला में करीब पांच सौ छात्राओं ने हिस्सा लिए। इस दौरान एसआई आशीष सिंह,गौरव राय, कांस्टेबल संजय यादव, राहुल, सुनील राजभर सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# समाजवादी महिला सभा घर घर जाकर महिलाओं को सपा से जोड़ने के लिये चलाएगी अभियान : जग्गा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद की तहसील पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम माधोटांडा में महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह जी के द्वारा बैठक आयोजित कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई इसके साथ ही वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार महंगाई आदि को लेकर विचार विमर्श हुआ साथ ही 2027 चुनाव में जीत के लिए रणनीति बनाई गई सपा महिला सभा की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर महिलाओं की भूमिका व भाजपा सरकार पर चर्चा कर मौजूदा सरकार में व्याप्त महगाई ,भ्रष्टाचार के बारे में सभी को अवगत कराया।
बैठक में मुख्यातिथि के तौर पर पहुँचे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि ÷वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। बगैर दाम के कहीं भी काम नहीं हो रहा है। वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार को लगातार बढ़ावा मिल रहा है जिसकी चलते भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं।
जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त उन्होंने कहा इतना ही नहीं आज प्रदेश की जनता महंगाई व बेरोजगारी जैसे काले कारनामों से बेहद त्रस्त एवं परेशान है। उन्होंने कहा कि अनगिनत युवा नौकरी को लेकर हताश हो चुके हैं, क्योंकि वह लोग लंबे समय से भर्ती नहीं होने के कारण ओवरऐज हो चुके हैं। जिससे उनके सामने विकट समस्या खड़ी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी से बचने के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार होना अति आवश्यक है।महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की सभी महिलाओं को अभी से सपा के पक्ष में प्रचार-प्रसार करना है। जिससे कि चुनाव में जीत हासिल की जा सके इस सरकार मे महिलाओं के साथ अपराध बढ़े है ये सरकार महिला विरोधी सरकार हैं।
बैठक को अन्य महिला पदाधिकारी ने भी संबोधित किया बैठक की अध्यक्षता एव आयोजन मीता सिंह ने किया इसके अतिरिक्त संचालन विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी संजय सिंह यादव ने किया बैठक मे विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कटटर भी सम्मिलित रहे इस दौरान प्रमुख रूप से रामकुमार पासवान,ठाकुर आशीष सिंह ,सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष तुफैल खां,पुष्पेंद्र यादव,हरिराम सक्सेना,राजकमल यादव, दीन मोहम्मद,निशान अहमद,सतीश वर्मा जी,कृपाल वर्मा,इंद्रजीत राठौर, शिशपाल गुप्ता,छोटे खां,मुकेश सिंह,रामऔतार,प्रीति कश्यप,मीरा देवी,शकुंतला देवी,रेखा देवी,चंद्रवती देवी,उर्मिला देवी,मंजू देवी,सुशीला देवी,सरस्वती यादव,मुन्नी देवी,अनीता देवी,बबली देवी,विमला देवी,मंजू देवी,रामा देवी,रेशमा देवी,अवंती देवी,लक्ष्मी देवी,सोमवती, जया देवी,सोनी,ओमवती देवी,अनीता देवी सहित तमाम सम्मानित नेतागण,पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं सपा महिला सभा की पदाधिकारी एवं सम्मानित महिलाएं शामिल रहीं।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों की उपस्थिति को लेकर जमकर हुआ बवाल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- तू तू मैं मैं गाली गलौज आरोप प्रत्यारोप में घंटों बाधित रही बैठक
- शासन आदेश के विपरीत बैठक में शामिल रहे अनाधिकृत लोग

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के क्षेत्र पंचायत सुईथाकला की बैठक में गुरुवार को जोरदार हंगामा हुआ। मंच पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख श्रीमती विद्या तिवारी के ही परिवार के कई सदस्यों की मंच पर उपस्थिति कुछ लोगों द्वारा सवाल खड़े किए गए। तभी मामला गाली गलौज में बदल गया बाद में कुछ लोगों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। ब्लाक सभागार में बैठक जैसे ही शुरू हुई कम्मरपुर के प्रधान प्रतिनिधि प्रवीण सिंह ने सवाल किया कि मंच पर प्रमुख परिवार के ही तीन लोग मंचासीन हो जाते हैं यह किस नियम के अंतर्गत आता है। तभी क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती तारा देवी के प्रतिनिधि प्रणय तिवारी ने कहा कि आप कौन होते हैं जिसको लेकर हंगामा खड़ा हो गया जो तू-तू मैं-मैं गाली गलौज तक पहुंच गया। किसी तरीके लोगों ने बीच बचाव कर श्री तिवारी को बैठक से बाहर किया इसके बाद प्रधान विजय सिंह ने खंड अधिकारी से सवाल किया कि कुछ अध्यापक विद्यालय नहीं जाते हैं और क्षेत्र पंचायत की बैठक में मंच साझा करते हैं जिस पर परिषदीय विद्यालय के सहायक अध्यापक डा उमेश चंद्र तिवारी तथाकथित प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि यह सब चलता है जिस पर श्री सिंह ने कहा यह प्रश्न मैंने आप से नहीं किया न तो आप इस सदन के सदस्य हैं जिसको लेकर भी काफी बवाल हुआ। काफी देर गहमागहमी के बाद जब माहौल शांत हुआ तो कुल 4.5 करोड़ की विकास योजनाओं का प्रस्ताव पारित हुआ। इस दौरान खंड विकास अधिकारी गौरवेंद्र सिंह ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास 2024 तथा समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अवर अभियंता यूबी यादव ने सिंचाई तथा लघु सिंचाई के बारे में लोगों को जानकरी दी। सीडीपीओ ने बाल विकास पुष्टाहार विभाग की योजनाओं को साझा किया। शिक्षा विभाग के बारे में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने विस्तार से बताया। इसके अलावा एडीओ एजी मिथिलेश सिंह एडीओ आइएसबी ब्रह्मानंद ने भी अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया। बैठक का संचालन खंड विकास अधिकारी गौरवेंद्र सिंह ने किया। बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रकाश दुबे, प्रधान विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष भीम सिंह, जिला पंचायत सदस्य रवींद्र, प्रवीण सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# शरद कालीन गन्ना बुवाई के संबंध में किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन




- शरद कालीन गाने की पैदावार अधिक होती है इस अवसर पर फसलों को शहर फसली के रूप में भी उग सकते हैं: कपिल
- किसान भाइयों के पास सुनहरा अवसर है कि वह अपने गन्ना कैलेंडर की कमी को समय रहते सही करवा लें यह भूल सुधार का आखिरी मौका हैं: खुशी राम भार्गव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गुरुवार को सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत मे शरदकालीन गन्ना बुवाई के सम्बन्ध मे एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।
गोष्ठी मे प्रवीण कुमार कपिल, सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि शरदकालीन गन्ना बुवाई में सहफसली के रूप में, आलू, सरसो,तोरिया, मसूर, मटर, मूली ,सलजम, धनिया, लहसुन, फूलगोभी, पातगोभी, गेंहू, चना, आदि फसलें उगाये, अधिक लाभ कमाये गन्ना बुवाई से पूर्व बीज एवं भूमि शोधन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कपिल द्वारा बताया गया कि शरदकालीन गन्ने की पैदावार अधिक होती है तथा इसके साथ विभिन्न फसलों को सहफसली के रूप मे भी उगा सकते हैं। डॉ आर. डी. तिवारी,वैज्ञानिक उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने किसानों को पोषक तत्व प्रबंधन एवं बीज बदलाव के विषय मे विस्तार से बताया डॉ तिवारी द्वारा बताया गया कि गन्ना किसान अपने खेत मे कार्बनिक खादो का प्रयोग अवश्य करें ऐसा करने से ज़मीन की भौतिक एवं रासायनिक दशा मे सुधार आता हैं। किसानों को रेड रॉट ,बीज उपचार के विषय मे विस्तृत चर्चा की गई रेड रॉट से बचाव हेतु फसल चक्र अपनाये तथा नवीन विकसित गन्ना किस्मो की बुवाई करे वैज्ञानिको द्वारा किसानो को सलाह दी गयी कि वह एक आँख के टुकड़ो से बुवाई करे तथा बोने से पहले बाविस्टीन के 0.1त्न घोल से 10 मिनट उपचारित करे रामभद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत ने विभागीय योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गन्ना बीज चयन व ट्रेंच विधि से बुवाई के विषय में किसानो को जानकारी दी गयी। कृषक गोष्ठी में परिक्षेत्र के लगभग 200 से अधिक गन्ना किसानों ने प्रतिभाग किया गया।
इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों पर सात दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेला चल रहा हैं। यह मेला 21 सितम्बर 2024 तक चलेगा किसान भाइयो के पास यह सुनहरा अवसर है कि वह अपने गन्ना कैलेंडर की कमी को समय रहते सही करवा लें। यह भूल सुधार का आखिरी मौका हैं। इसके बाद कोई संसोधन नहीं किया जायेगा जिन किसान भाइयो ने पहली बार गन्ना बोया हैं। वह 30 सितम्बर 2024 तक ऑनलाइन गन्ना विकास समिति की सदस्ता अवश्य ले लें। आज के इस कार्यक्रम में इस अवसर पर एल एच चीनी मिल के संजीव राठी, सुखराज सिंह, सनोज कुमार गन्ना किसान गोपाल सिंह, नत्थू लाल, प्रीतम, मोहन लाल, अनूप कुमार, सुखलाल व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एसडीएम को दिया ज्ञापन

- अधिवक्ता पर दर्ज हुए मुकदमे को निरस्त कराने की मांग की

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष सूरज प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में एसडीएम नागेंद्र पांडे को ज्ञापन देकर आरोप लगाते हुए बताया कि तहसील बार एसोसिएशन बीसलपुर की संपन्न हुई बैठक में तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता अरुण कुमार राणा द्वारा संगठन के समक्ष दिनांक 13 सितम्बर 2024 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर विचार किया गया। जिस प्रार्थना पत्र में अरुण कुमार राणा एडवोकेट द्वारा उल्लेख किया गया कि तहसील में वह अपनी सीट पर कार्य कर रहे थे तभी होमगार्ड कालीचरण उनके पास मुलजिम सुनील कुमार को ले गए और जमानत के लिए कहा। अंत में अरुण कुमार राणा एडवोकेट द्वारा प्रार्थना पत्र व मुचलके को तैयार कराकर दे दिया। उन्हें कागजातों पर उपजिलअधिकारी द्वारा सुनील कुमार को जमानत दे दी गई। दिनांक 11 सितम्बर 2024 को सुनील कुमार द्वारा फांसी लगा ली गई तथा मुकदमा अरुण कुमार राणा एडवोकेट के विरुद्ध पंजीकृत कर दिया गया। अरुण कुमार राणा एडवोकेट का कथन है कि वह निर्दोष है। मुकदमा गांव की राजनीति के देष भावना से पंजीकृत कराया गया है। समस्त अधिवक्ताओं द्वारा एक स्वर में बताया गया कि अरुण राना निर्दोष हैं और उन्हें व उनके परिवार को राजनीति देष भावना से मुकदमा मे सम्मिलित किया गया है। अधिवक्ताओं ने निर्दोष अधिवक्ता अरुण कुमार राणा व उनके परिवार के विरुद्ध मुकदमा संख्या 442/2024 धारा 191 (2) 333, 115 (2) 74 ,351 (2),103 बीएनएस की धारा में मुकदमा पंजीकृत निरस्त कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सूरज प्रकाश गुप्ता, महासचिव राजाराम माथुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना, उपाध्यक्ष ओमपाल वर्मा, कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा, सह सचिव प्रशासन निर्भय सक्सेना, जगपाल वर्मा सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी ने बदलापुर तहसील का किया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा तहसील बदलापुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्तागणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के सन्दर्भ में जानकारी ली और उपजिलाधिकारी बदलापुर को निस्तारण करने का निर्देश दिया। उप जिलाधिकारी और तहसीलदार को निर्देशित किया कि जो भी पुराने राजस्व सम्बन्धी लम्बित मामले हैं उनका ससमय निस्तारण कराना सुनिश्चित करें तथा पुराने मुकदमों को प्रतिदिन सुने। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनता दर्शन में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं ससमय कराना सुनिश्चित करें साथ ही तहसीलों में साफ-सफाई, कूड़े के ससमय उठान, फाइलों के उचित रख-रखाव, फरियादियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल आदि के संदर्भ में भी उन्होंने वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, अधिवक्तागण सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बेचा गया ट्रक का पैसा मांगने आये विक्रेता को पीटा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन थाना क्षेत्र के गोबरहा गांव के मोड़ पर बुधवार की शाम उधार में खरीदी गई ट्रक का पैसा मांग रहे बिक्रेता को क्रेता ने सरेराह पीटकर घायल कर दिया। थाने में तहरीर देने पर जान से मार देने की धमकी भी दिया। घायल बिक्रेता की नामजद तहरीर पर पुलिस ने हमलावर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। बदलापुर थाना क्षेत्र के देवरामपुर गांव निवासी कुंवर साहब यादव ने महीनों पूर्व अपनी ट्रक सौरइयां गांव निवासी पवन यादव को उधार में ही बेंच दिया था। जिसका सुलहनामा बनाकर किस्तों में तिथिवार पैसे देने का समय निर्धारित कर दिया गया था। जिसके मुताबिक कुंवर साहब पैसा लेने उसके घर जा रहे थे। रास्ते में उक्त गांव के मोड़ पर पवन दिख गया। वे उसके पास पहुंच तगादा करने लगे। आरोप है कि पवन उसे गालियां देते हुए लात घूंसो से पीटने लगा। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर उसे बचाया। यह भी आरोप है कि उसने थाने जाने पर जान से मारने की धमकी भी दिया।

# देशी शराब के ठेके को हटाने को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



चंदवक थाना क्षेत्र के हिसामपुर गांव स्थित देशी शराब के ठीके पर शराबियों द्वारा आए दिन गाली गलौज ,मारपीट करने व पीने के बाद किसी के घर के दरवाजे पर बैठ कर बकबकाने से आजिज महिलाओं ने शराब की दुकान को हटवाने को लेकर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन की जानकारी होते ही तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। खुज्झी हिसामपुर मार्ग पर हिसामपुर गांव में बस्ती के बीच में ही देशी शराब का ठेका करीब पंद्रह सालों से चल रहा है। शराबियों के आए दिन उपद्रव करने के कारण समय समय पर इसे हटाने की मांग की जाती रही है।इधर आसपास के लोग शराबियों द्वारा पीने के बाद आए दिन गाली गलौज, मारपीट करने व पीने के बाद किसी के भी दरवाजे पर बैठकर घंटों बकबकाने से आजिज होकर सुभावती देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने शराब की दुकान हटाने को लेकर ठेके के सामने दोपहर बाद प्रदर्शन करने लगीं।जिसकी जानकारी होने पर तत्काल थाना प्रभारी धर्मेंद्र दत्त ,एसआई रामेश्वर पांडेय के साथ मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझा बुझाकर शांत कराया। ठेका हटाने की मांग पर आश्वाशन दिया कि इस संबंध में आबकारी आयुक्त को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराते हुए निदान के लिए अनुरोध किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित नमो प्रदर्शनी का आयोजन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित नमो प्रदर्शनी का शुभारम्भ पीलीभीत बैंकट हॉल में हुआ द्व जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बृज क्षेत्र के सह कोष प्रमुख मनीष अग्रवाल व विशिष्ट अतिथियों अनुसूचित वर्ग आयोग के सदस्य संजय सिंह रहें। इस प्रदर्शनी मे प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से लेकर अब तक की उनकी यात्रा का पूरा चित्रण प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित फ़िल्म का भी प्रदर्शन हुआ। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह , जिला महामंत्री लेखराज भारती,नगरपालिका पीलीभीत की चेयरमैन आस्था अग्रवाल,अभिमन्यु गंगवार , सुमित गंगवार , अकलीम मलिक, मुकेश गुप्ता , पुष्पा शुक्ला , मनोज मिश्र , नागेंद्र प्रताप , विकास देव , मिथुन मिश्रा समेत दो दर्जन से अधिक भाजपा पदाधिकारी व रानी अवंतीबाई कन्या इंटर कॉलेज की सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रही। इस आयोजन पर मुख्य अतिथि मनीष अग्रवाल ने कहा बताया कि मोदी जी का पूरा जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायक हैं। जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी जी ने विभिन्न अभावो के होते हुए भी विश्व के सबसे ज्यादा लोकप्रिय प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा पूरी की हैं। इस प्रदर्शनी के संयोजक अभिमन्यु गंगवार ने बताया कि ये प्रदर्शनी तीन दिन लागी रहेगी जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों को प्रदर्शनी दिखाई जायेगी इसके अलावा उन्होंने पीलीभीत नगर के देवतुल्य नागरिकों से भी प्रदर्शनी में आने की अपील की हैं।

# 21 सितंबर को राजकीय आईटीआई जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में राजकीय आई0टी0आई0 जौनपुर में 21 सितम्बर 2024 को प्रातः 10.00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की 10 कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जिसकी शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेगी। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आई0डी0 प्रूफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करेंगे एवं सेवायोजन वेब पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।



# ट्रांस शारदा क्षेत्र में लगाया मेडिकल कैंप जांच कर स्वास्थ्य विभाग ने बाटीं निशुल्क औषधि

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** बाढ़ प्रभावित ट्रांस शारदा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन करते हुए सैकड़ो मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरांत निशुल्क औषधि वितरण किया गया है साथ ही रक्त जांच भी किया गया है।पूरनपुर तहसील के सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित ट्रांस शारदा क्षेत्र के कबीरगंज टिब्बा गांव में पीलीभीत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार शर्मा के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा की महिला एमबीबीएस चिकित्सक रश्मि श्रीवास्तव के द्वारा निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन गुरुवार को कबीरगंज टिब्बा पर किया गया जहां सैकड़ो मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही 20 मरीजों का रक्त परीक्षण किया गया जिसमें मलेरिया जैसे कोई कोई भी संकेत नहीं मिले हैं।

# श्री बांके बिहारी बजाज शोरूम पर सीएनजी बाइक का हुआ उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । डॉ इसरार अहमद



**पीलीभीत।** गुरुवार को जनपद में श्री बांके बिहारी बाजार शोरूम पर विश्व की पहली सीएनजी फ्रीडम फ्यूल से चलने वाली बाइक का उद्धघाटन किया गया। आज हुए इस शोरूम के मुख्य अतिथि उद्धघाटन हेतु सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह व श्री बांके बिहारी बाजार शोरूम के प्रबंधक सौरभ अग्रवाल के द्वारा किया गया। इतना ही नहीं इस अवसर पर सभी को जानकारी देते हुए शोरूम के प्रबंधक ने बताया कि बाइक के फीचर्स के बारे में बजाज फाइनेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक रितेश भटनागर व विविध सक्सेना ने जानकारी दी और लोगों को इसके बारे में बताया की 1 लीटर सीएनजी डालने पर गाड़ी का एवरेज 101 किलोमीटर रहता हैं। और अगर हम पेट्रोल से इस गाड़ी को चलते हैं तब इसका एवरेज 65 किलोमीटर का रहता हैं। और इसकी इंजन की क्षमता भी 125सीसी हैं। आज के इस भव्य उद्घाटन के दौरान इस अवसर पर बजाज फाइनेंस से सुप्रतीक शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, शोरूम मैनेजर अजय सिंह, मुकेश मौर्य सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

# नवरात्र मेले के लिए होगी अतिरिक्त अनारक्षित टिकट काउंटर की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर



नवरात्र मेला के दौरान विंध्याचल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त अनारक्षित टिकट काउंटर और पूछताछ केंद्र खोले जाएंगे। ताकि लोगों को टिकट के लिए परेशान न होना पड़े। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि विंध्याचल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त अनारक्षित टिकट काउंटर व पूछताछ केंद्र खोले जाएंगे। एक आरक्षित टिकट काउंटर दो शिफ्ट में चलाया जाएगा। यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के लिए टिकट काउंटर पर 19 अतिरिक्त कर्मचारी तैना त किए जाएंगे। विंध्याचल स्टेशन पर खानपान के लिए पांच स्टाल पहले से हैं। यात्रियों को पेयजल की सुविधा के लिए पांच वाटर पॉइंट बनाए गए हैं। यात्रियों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में 10 मोबाइल स्नान घर तथा 20 मोबाइल टॉयलेट की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा स्टेशन परिसर में सिविल प्रशासन द्वारा एक एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रियों की सुविधा के लिए विंध्याचल स्टेशन पर सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र स्थापित किया जाएगा। जिसमें ब्रिगेड के 30 सदस्य यात्रियों को सेवा प्रदान करेंगे। स्काउट व गाइड की टीम भी यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए मौजूद रहेगी।

# शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मछलीशहर नगर के कोल्हारा निवासी नीरज गौतम पुत्र विजय गौतम 24 वर्ष का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। नीरज गौतम लगभग एक माह पूर्व घर से रोजी रोटी के लिए राजकोट वाकानेर गए थे।जहा पर पथ्थल खदान में पत्थर कटान में काम कर रहे थे। 17 सितंबर को पत्थल के कटाई करते समय मशीन के तार से करंट लग गया।जिससे वह झुलस गए। साथ में काम करने वाले साथियों ने उपचार के लिए तत्काल हास्पिटल ले गए जहां पर डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार को शव सौंप कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। उधर परिजनों को घटना की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। शव गुजरात से मछलीशहर घर पर पहुंचते ही मातम छा गया और चारो तरफ चीख पुकार होने लगी।

## जल्लापुर के पोस्टमैन पर गांव के लोगों ने लगाए गंभीर आरोप, की शिकायत

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव जल्लापुर निवासी रामशरन ने सहायक डाक अधीक्षक पीलीभीत को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत जल्लापुर में विभाग द्वारा पोस्टमैन तस्लीम की नियुक्ति की गई लेकिन यह तस्लीम गांव के लोगों को समय से डाक नहीं पहुंचता है। जिससे उन्हें काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि डाक द्वारा आने वाले कागज समय से नहीं पहुंचते हैं। जिससे लोगों को काफी दिक्कत का सामना पड़ रहा है।

# डीएम ने किया बाढ़ राहत शिविर का दौरा, सतर्कता बढ़ाने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । बृजेश चतुर्वेदी





**कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कटरी कासिमपुर का निरीक्षण किया द्य इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कटरी गंगपुर में राहत शिविर पर जाकर व्यवस्थाएं भी देखी। उन्होंने कहा कि गंगा के जल की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है द्य गंगा अभी खतरे के निशान से दूरी पर है। बाढ़ से प्रभावित 56 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर व्यवस्थित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों का सहारा सरकार बनी हुई है। बाढ़ पीड़ितों की हर सम्भव मदद के लिए जिला प्रशासन तैयार है। लगातार ताज़ा गर्म भोजन बाढ़ प्रभावित परिवारों को वितरित किया जा रहा है। जल्द ही राहत सामग्री वितरित करा दी जायेगी ताकि उनको कोई कठिनाई न होने न पाए। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी बाढ़ परिवारों की परिचर्या में लगे हुए है। कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चिकित्सा परीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पशु टीकाकरण आदि का कार्य किया जा रहा है। कहा कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासियों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। गांव में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। ग्राम वासी खान-पान में विशेष सफाई रखें,जिससे बीमारियां न उत्त्पन्न होंने पाए। उन्होंने शुद्ध पेय जल, अस्थाई शौचालय एवं प्रकाश की अच्छी से अच्छी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। कहा कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासियों के सम्पर्क में सम्बंधित अधिकारी अवश्य रहे। अगर उनको किसी प्रकार की समस्या हो रही है तो उस समस्या का त्वरित निराकरण कराये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व)आशीष कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर रामकेश सिंह धामा, तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय परिसर में की साफ सफाई

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज के राष्ट्रीय सेवा योजना की सावित्रीबाई फुले छात्रा इकाई के तत्वाधान मे प्राचार्य रीतू सिंह के संरक्षण मे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तृतीय दिवस का प्रारम्भ किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय मे छात्राओं द्वारा स्वच्छता गतिविधियां की गई। जिसका नेतृत्व एनएसएस सह प्रभारी शैलेंद्र कुमार और प्रवक्ता अंबरीन फातिमा ने किया। छात्राओं ने झाड़ू लगाया, इधर उधर पड़े कूड़े को पेड़ो की पत्तियों को एकत्रित किया तत्पश्चात उस कूड़े को डस्टबिन में डंप किया। छात्राओं ने पेड़ों के आस पास कक्षाओं मे, दीवारों के किनारे, प्राचार्य कक्ष कार्यालय के बाहर, नलकूपों के आसपास, मैदान मे, साइकिल स्टैंड के आस पास, महाविद्यालय के मुख्य द्वार एवं बाहर रोड आदि स्थानों को साफ सुथरा किया। इसी के साथ छात्राओं ने राहगीरों को, क्षेत्रीय निवासियों और आसपास उपस्थित सभी को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए जागरूक भी किया। इस जागरूकता के दौरान छात्राओं ने गंदगी से बीमारी फैलने के कारणों, उपायों और कूड़े को अलग-अलग डंप करने की लोगों को जानकारी दी प्लास्टिक एकत्रित किया, जंगली घास आदि को साफ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण एवं कर्मचारीगण छात्राओं के साथ सतत उपस्थित रहे। स्वच्छता का कार्य प्रातः 11–30 बजे से प्रारंभ हो कर अपराह्न 1–40 बजे तक चला। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ने स्वयंसेवको की प्रशंसा एवं उत्साहवर्धन किया। साफ सफाई के समय सभी छात्राओं ने कैप एवं ग्लव्स पहना और स्वच्छता के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने हैंड वॉश करने के बाद स्वयं को सेनीटाइज किया उसके बाद छात्राओं को अल्पाहार दिया गया।

# हरियाणा की 2.5 लाख कीमत की शराब पकड़ी, कार मालिक और चालक पर रिपोर्ट



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर वाहन चेकिंग के दौरान कार से हरियाणा प्रांत की शराब पकड़ी। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब ढाई लाख रुपये है। चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने दो पर रिपोर्ट दर्ज की है। एक्सप्रेसवे पर बक्शीखेड़ा गांव के पास गुरुवार तड़के करीब पांच बजे बिहार प्रांत नंबर की कार को पुलिस और आबकारी टीम ने रुकवाने का प्रयास किया लेकिन चालक कार लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो चालक कार छोड़कर भाग निकला। कार से हरियाणा प्रांत की रॉयल स्टैग की 35 पेटी शराब बरामद हुई। इनमें 15 पेटी में 720 बोतल 180 एमएल की, 20 पेटी में 240 बोतल 750 एमएल की शामिल हैं। आबकारी इंस्पेक्टर ज्योति अग्रवाल ने जांच की। कार सोनू केजरीवाल निवासी त्रिवेणीगंज थाना गरिहा जिला सुपौल बिहार के नाम दर्ज है। उपनिरीक्षक अनिल कुमार साहू की तहरीर पर गाड़ी मालिक और चालक पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि 35 पेटी शराब हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी। चालक भाग निकला है। मालिक और चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### शराब तस्करी का एक्सप्रेसवे मुफीद रास्ता

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे शराब तस्करी का मुफीद रास्ता है। इससे पहले भी औरास, हसनगंज, आसीवन थानाक्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर शराब की गाड़ियां पकड़ी जा चुकी हैं। छह सितंबर 2022 को तत्कालीन इंस्पेक्टर अखिलेशचंद्र पांडेय ने तीन शराब तस्करों को पकड़कर दो कारों से 65 पेटी शराब पकड़ी थी।

# आर आर एडूलीडर्स यूपी अवार्ड 2024 शिक्षक सम्मान समारोह में हमीरपुर से हुऐ 4 शिक्षक सम्मानित

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



जनपद हमीरपुर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी, आर आर एडूलीडर्स यूपी अवार्ड 2024 के लिए चयनित शिक्षकों का सम्मान एडूलीडर्स यूपी के संस्थापक डॉ सर्वेष्ट मिश्र एवं आरडुआर समूह की अनुसंगी संस्था, हेमा फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी भाई महेंद्र काबरा के सहयोग से ग्रेटर नोएडा के होटल जिंजर में दिनांक 15 और 16 सितंबर 2024 को भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवार्ड के लिए उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों से 803 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 87 शिक्षकों का चयन किया गया। चयनित शिक्षकों को 16 सितंबर 2024 को ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक भव्य समारोह में अति विशिष्ट अतिथियों अभिनेता मनोज जोशी, राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, महेन्द्र काबरा, विजयम रवि, हरीश द्विवेदी, डॉ चीनू, डीआईओएस धर्मवीर एवम् बीएसए राहुल पवार गौतमबुद्ध नगर एवम् सर्वेष्ट मिश्र के द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद हमीरपुर से श्री पवन कुमार पाल प्राथमिक विद्यालय खेड़ाशिलाजीत, सरीला, श्री सत्यवंत विश्वकर्मा त्वद्रुष्ट सरीला, श्री हरीशंकर कम्पोजित विद्यालय सिलौली, मौदहा श्री सत्येन्द्र कुमार प्राथमिक विद्यालय टिकरी बुजुर्ग मौदहा, को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ चीनू द्वारा हेम वैल्यूज पर प्रकाश डालते हुए मूल्यपरक शिक्षा के विभिन्न आयामो पर प्रकाश डाला गया साथ ही एडूलीडर्स यूपी के साथ राष्ट्रीय शिक्षा 2020 के आलोक में मूल्यपरक शिक्षा को प्रदेश के सभी पचहत्तर जनपदों तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। सर्वेष्ट मिश्र ने कार्यक्रम का औपचारिक समापन एवम् धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं समूह के सभी सदस्यों की ओर से ये आश्वस्त करता हूँ कि हेमा फाउंडेशन और एडूलीडर्स यूपी, मूल्यपरक शिक्षा पर सभी विद्यालयों में कार्य करते हुए नए लक्ष्य को प्राप्त करेगा । जिससे विकसित भारत के साथ ही साथ भारतीय संस्कृति को अक्षुण्ण रखा जा सके। इस अवसर पर हेमा फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश अरविंद सोनकर के द्वारा हेमा क्विज और हेमा वैल्यूज पर प्रकाश डाला गया।

# मुठभेड़ में लुटेरा गिरफ्तार, पैर में लगी गोली, अंधेरा का फायदा उठाकर एक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



उन्नाव जिले के सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में लुटेरों की तलाश में ऊगू रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार सुबह, वाहन चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। अंधेरा का फायदा उठाकर उसका साथी भाग निकला। पुलिस उसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में उसने एसबीआई के मिनी बैंक संचालक के साथ लूट की घटना स्वीकार की है। पुलिस में लुटेरे के पास से 75 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस सीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में गुरुवार सुबह साढ़े चार बजे ऊगू रेलवे क्रॉसिंग के पास बदमाशों निकलने की सूचना पर वाहन चेकिंग कर रहे थे।

### घायल बदमाश को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया

तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस को भी जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। इसमें एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई और दूसरा रात का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस घायल बदमाश को स्वास्थ्य केंद्र लाई। पूछताछ में उसने अपना नाम अश्वनी कुमार निवासी सफीपुर के कस्बा उम्मीद राय बाजार का रहने वाले बताया।

### बदमाशों ने बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग की

एसपी दीपक भूकर ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान बदमाशों ने बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग की। आत्मरक्षा में पुलिस को भी फायरिंग करने लगी बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठा भाग निकला। पकड़े गए बदमाश ने लूट की घटना स्वीकार की है उसके पास से तमंचा दो जिंदा कारतूस दो खोखा और लूट के 75 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

### 3.35 लाख की लूट की घटना स्वीकार की

बदमाश ने नौ सितंबर को आसीवन थानाक्षेत्र गांव टिकरा कुमेदान निवासी एसबीआई के मिनी बैंक संचालक छगनू प्रसाद के साथ हुई 3.35 लाख की लूट की घटना स्वीकार की है। बता दें कि लूट की घटना में आईजी प्रशांत कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने पुलिस को जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। तब से पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही थी।

# 42 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चे के लिए लगेंगे झूले

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

जिले के परिषदीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए झूले लगाए जाएंगे। इसके लिए 42 केंद्रों का चयन किया गया है। सभी केंद्रों पर 50-50 हजार की लागत से पांच प्रकार के झूले लगाए जाएंगे। जिले में 1500 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। जिसमें 1.16 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। इनमें 1236 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें 876 परिषदीय विद्यालय कैंपस में संचालित हैं, जबकि शेष पंचायत भवन, किराये के भवन एवं विभाग के भवनों में संचालित हैं। वहीं अब शासन ने बच्चों को लुभाने के लिए झूले लगवाने की तैयारी में है। प्रथम चरण में 42 आंगनबाड़ी केंद्रों को चयनित किया गया है। शासन ने आउटडोर खेल सामग्री क्रय करने को 2.10 लाख का बजट निर्धारित किया है। बीएसए आलोक सिंह चंदेल ने बताया कि जेम पोर्टल से नियमों के तहत आउटडोर खेल सामग्री खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही झूलों की खरीद कराकर सत्यापन के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों पर भेजा जाएगा।

# ठग कम्पनीज एवं ठग सोसाइटीज में डूबी जमा राशि के लिये असहयोग भुगतान आन्दोलन ने पकड़ी तेजी

जन एक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी



**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर में ठग कम्पनीज एवं ठग सोसाइटीज में डूबी जमा राशि के वापसी के लिए एजेंटों एवं निवेशको ने 1 सितम्बर से अनिश्चितकाल तक धरना देते अपनी मांग को और तेजी किया जिसमे आज दिंनाक 19 सितम्बर को समस्त जनपद के एजेंटों एवं निवेशको से आवाहन करते अनुरोध किया गया है कि दिंनाक 22 सितम्बर को जेल भरो आन्दोलन में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो कर सरकार को चेतावनी देते मांगे पूरी कराई जाये। बता दे कि ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिला अध्यक्ष बच्चीलाल प्रजापति के नेतृत्व में 1 सितम्बर से असहयोग भुगतान आन्दोलन शुरू किया गया है जिसमे संगठन ने भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेशक को जमाराशि का दो से तीन गुना भुगतान वापिस कराया जाये एवं बेरोजगार निर्दोष एजेंट्स को सुरक्षा सम्मान रोजगार और पुनर्वास का अधिकार दिलवाये और साथ साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 के तहत प्रत्येक ठग बेईमान को म्रत्युदंड देकर पवन पवित्र हिंदुस्तान को ठगमुक्त राष्ट्र बनाया जाये। आन्दोलन स्थल में बैठे एजेंटों एवं निवेशको ने सरकार से मांग करते कहा है की इस बार सरकार हमारी मांगे पूरी करे अन्यथा 22 सितम्बर को हमें सभी को जेल में डाल कर मार दिया जाये जिसमे उन्होंने भाजपा सरकार एवं मजुदा प्रधानमत्री एवं गृहमंत्री व रक्षामंत्री पर भी गंभीर आरोप लगाये है उनका कहना है कि हमारे साथ हुई ठगी के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है उन्होंने कहा कि जब सरकार के नेता उन ठगों के साथ कार्यक्रम साझा करते है बड़ी बड़ी फोटो फोटो खिचवाते है और उनको सहयोग देते है तो हम नागरिक ऐसी स्थिति में किस पर भरोषा करे 7 बताते चले कि की जनपद हमीरपुर में ही इस प्रकार की कंपनियों के द्वारा लगभग 5 लाख से ज्यादा लोगो के साथ धोखाधड़ी करते उनका लाखो लाखो रुपए ग़बन करने का खेल खेला है जिसकी वजह से बहुत से लोगो ने इस गम पर आत्महत्या कर ली और कुछ लोगो को हार्टटेक की वजह से अपनी जान गवानी पढ़ी

### किसानों ने छुट्टा गोवंशों को नगर पंचायत कार्यालय में बंद किया

**भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)।** अन्ना गोवंश से परेशान किसानों ने बुधवार को गोवंश को हांक कर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बंद कर दिया। कस्बे के किसान हेमंत यादव, अंकुश यादव, गुड्डू खान आदि ने बताया कि वह लोग बीते तीन दिनों से अन्ना गोवंश को कान्हा गोशाला में बंद करवा चुके हैं। आरोप है कि वहां के कर्मचारी जानवरों को छोड़ दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि इससे उनकी 20 बीघा धान की फसल व 48 बीघा तिल की फसल बर्बाद हो चुकी है। बताया कि उन्होंने 1076 में भी फोन किया था। अधिशासी अधिकारी के पास अन्ना गोवंश संरक्षण के लिए निर्देश आए थे, लेकिन उसके पश्चात भी गोवंश को संरक्षित नहीं किया गया। इसी से परेशान होकर उन्होंने अन्ना गोवंश को हांक कर नगर पंचायत कार्यालय के अंदर बंद कर दिया है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा वह गोवंश को यही बंद कर बैठे रहेंगे। ईओ दिनेश चंद्र आर्य का कहना है कि गोशाला की जितनी क्षमता है। उससे अधिक गोवंश संरक्षित हैं। उसके बावजूद नगर में अन्ना गोवंश की संख्या अधिक है। इसके लिए जिलाधिकारी से नई अस्थायी गोशाला संचालित करने की अनुमति मांगी गई है।

# इत्र के साथ आलू में भी कीर्तमान स्थापित करेगा जनपद : कैलाश

जन एक्सप्रेस । बृजेश चतुर्वेदी



**कन्नौज।** विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट परिसर में दो दिवसीय किसान आलू गोष्ठी/प्रदर्शनी का समापन किया। इस अवसर पर आलू की खेती करने वाले प्रगतिशील किसान अभिलाष सिंह यादव, अभिषेक सिंह, अजय प्रताप सिंह, दिनेश चन्द्र द्विवेदी आदि कुल 10 कृषकों को सम्मानित किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि किसानो के हित में किसान मेला/गोष्ठी आदि अनेक कार्यक्रम समय-समय पर किये जाते हैं। गोष्ठी में वैज्ञानिको द्वारा दी जाने वाली जानकारी को गहनता से सुने और अपनी नोट बुक में नोट भी करें। वैज्ञानिकों द्वारा दी जाने वाली जानकारी को अपनी खेती में प्रयोग कर कम लागत से अधिक पैदावार करें। उन्होने कहा कि पूर्व में जिलाधिकारी से मिलना कठिन होता था लेकिन वर्तमान जिलाधिकारी प्रत्येक कार्यालय दिवस में 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जनता की बात सुनते हैं और उनकी समस्याओं का समय से निस्तारण भी करतें हैं। पब्लिक को सरकार की प्रत्येक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिये वह निरन्तर कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा जनपद इत्र से जाना जाता है और आलू से भी जाना जाये ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं। अब आलू के लिये धीरे-धीरे हमारा जनपद विख्यात हो रहा है, जो दो से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है इसे और बढ़ाया जाये जिससे किसानो की आय दोगुनी हो सके। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम् मेरठ के वैज्ञानिकों द्वारा बीज शोधन एवं रख रखाव, समय से बीज रोपड़, सिचाई की विधि, कीटों की पहचान एवं उचित दवा का छिडकाव आदि बिन्दुओ एवं नई तकनीकी खेती पर भी किसानों को जानकारी दी जा रही है। उनकी बातो को ध्यान से सुने और अपने सवाल भी पूंछे। विभिन्न कम्पनियों द्वारा बीजो के किस्म एवं कम्पोनेन्ट का प्रदर्शन भी किया जा रहा है जिससे आप लोगो को जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि जमीन की उर्वरक क्षमता बनी रहे इसलिये वैज्ञानिक ढंग से खेती करना होगा। विशेषज्ञो के फोन नम्बर नोट कर ले, जिससे फसल में बीमारी हो तो फोटो भेजकर उचित निवारण पा सके। उन्होने कहा कि जनपद में काफी मात्रा में धान की फसल हो रही है। पराली को न जलाकर अन्य उपयोग में लायें। पराली जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ने के कारण मिट्टी मे उपलब्ध सूक्ष्म जीवाणु, केचुंआ आदि मर जाते है और मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी कम हो जाती है। धान क्रय केन्द्र हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिसमें अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, धान समय से क्रय किया जायेगा। कहा कि कन्नौज सूरजमुखी के नाम से जाना जाता है। अच्छी किस्म की वैरायटी न होने कारण सूरजमुखी की पैदावार कम हो गयी लेकिन अब नई वैरायटी के बीज उपलब्ध है, जिससे कम लागत से अधिक मुनाफा ले सकते हैं। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह ने कहा कि भूगर्भ जल स्तर में कमी आ रही है। आने वाली पीढ़ी को ध्यान में रखते हुये अधिक जल दोहन न करें। गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक डा0 सुशील कुमार ने कहा कि मक्का की बुबाई का कार्य हर हाल में 25 फरवरी तक पूर्ण करे। विलम्भ की दशा में तापमान अधिक हो जाने के कारण भुट्टों में दाने की कमी हो जाती है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संचालक डा0 अरविन्द कुमार ने मक्के की खेती में जलवायु के प्रवाह पर विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अजय कुमार यादव, चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर ने बताया कि आलू पर विशेष परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। कृषकों के द्वारा आलू की खेती हेतु परपंरागत विधियों के स्थान पर तकनीकी को अपनाये जाने की आवश्यकता है। इसी कडी में केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम् मेरठ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अशोक कुमार चौहान ने कहा कि बीडर सीड केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान को अनुमन्य है, अन्य किसी कम्पनी को यह अधिकार नही है, कि वह बीडर सीड बना सके। संस्थान बीडर सीड बनाकर राज्य सरकार को मुहैया कराता है। राज्य सरकार बीडर सीड से आलू की नई प्रजाति बनाकर किसानों को मुहैया करा रही है, जिससे नई प्रजाति की आलू की अच्छी पैदावार करके किसान अपनी आय दोगुना कर सकते है। उन्होनें किसानों को भी नया बीज बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। राज्य सरकार विभिन्न आलू की व्यवसायक प्रजातियों की खेती के बारे में बताते हुये आलू की खेती में सूक्ष्म सिचाई प्रणाली, ड्रिप स्प्रिंकलर सिचाई के महत्व व लाभ पर विस्तार से चर्चा की। डा0 विश्वनाथ ने टिसूकल्चर विधि से आलू उत्पादन के बारे में बताया। केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम् मेरठ वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 संजीव कुमार ने बताया कि जनपद में आलू प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना की जाये तो किसान भाईयों को अपनी उपज का अच्छा मूल्य प्राप्त हो सकता है। उपनिदेशक, उद्यान मुकेश कुमार ने बताया कि कृषि को उद्योग के रूप में समझे, क्योकि यह आपका उद्योग है और जब आप अपने उद्योग में अच्छी लगन से कार्य करेगें तो अच्छा मुनाफा भी मिलेगा। 1-4 हजार मीटर तक पाली लगाने पर सरकार 50 प्रतिशत अनुदान देकर पाली हाउस योजना से किसानों को आच्छादित कर रही है। कहा कि किसान भाई पॉली हाउस को अपनाये, अधिक से अधिक लाभ कमायें। सरकार 90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप स्प्रिंकलर सिचाई योजना से किसानो को लाभान्वित कर रही है।

गोष्ठी में डीडी कृषि प्रमोद सिरोही, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सी0पी0 अवस्थी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशॉक सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

